फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 238 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 फरवरी 2025 शनिवार


आज का मौसम
29 अधिकतम
16 न्यूनतम

# दोपहर मेट्रो

बेबाक खबर हर दोपहर


Page-7



भोपाल, दोपहर मेट्रो। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिये भोपाल को संजाने का काम लगभग पूरा हो गया है। दीवारों को आकर्षक बनाया गया है तो नवाबीकाल की सदर मंजिल अब होटल के नए रूप में सबके सामने आया है। इसका आज उद्धघाटन हो रहा है। *फोटो : निर्मल व्यास*

## अब ट्रंप बोले-मैं भी चाहता हूं कि भारत में मतदान बढ़े!

### 21 मिलियन डालर का मुद्दा फिर उछाला

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन भी %वोटर टर्नआउट% के लिए कथित रूप से भारत को मिले 21 मिलियन डॉलर का मुद्दा उठा रखा है। भारत में इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी नोकझोंक चल ही रही है। अब ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 21 मिलियन डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर किया गया था। ट्रंप ने कहा है कि मेरे मित्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 21 मिलियन डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान के लिए यह दे रहे हैं। मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। ट्रंप ने कहा कि बांग्लादेश में 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर एक ऐसी फर्म को दे दिए गए, जिसके बारे में किसी ने कभी सुना ही नहीं था। उस फर्म में केवल दो लोग काम कर रहे थे।

## फिर गुलाबी ठंड की दस्तक

**भोपाल।** पहाड़ों पर बदला मौसम व उत्तरभारत में ठंड व बारिश के बाद अब मध्यप्रदेश में दिन का तापमान फिर से लुढ़कने लगा है। कई शहरों में पारे में 2 डिग्री तक की गिरावट हुई है। मौसम विभाग ने रात के तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। आज भोपाल-ग्वालियर में बादल छा सकते हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन में आसमान साफ रहेगा। भोपाल में पारा तीन से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, फरवरी के आखिरी दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। वर्तमान में दक्षिण पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। वहीं, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है। शुक्रवार से दिन के पारे में गिरावट का दौर शुरू हो गया।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तैयारियों का जायजा लेने निकले सीएम और सीएस


# नए उद्योगों के लिए लचीली नीतियों का कवर और पुरानों के लिए बूस्टर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में पहली बार होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा हा है। सरकार ने अपनी नीतियों और साफ नीयत का संदेश पुरजोर तरीके से देने के लिये कमर कस ली है। भोपाल समेत पूरे प्रदेश में निवेश के लिये जोर तो है ही, पुराने व बीमार उद्योंगों को भी बूस्टर डोज देने के विकल्प इस समिट में तलाशने की कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज समिट स्थल मानव संग्रहालय और अन्य उद्योगपतियों, निवेशकों के रुकने वाले स्थानों का दौरा करने निकले हैं। मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ वे सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं और जरूरी बदलाव आदि के निर्देश दे रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के समिट के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के चलते यहां सुरक्षा प्रबंधों पर भी खास फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सबसे पहले कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचें। यहां पीएम नरेंद्र मोदी कल शाम भाजपा सांसदों, विधायकों और अन्य पदाधिकारियों के साथ संवाद करने वाले हैं।



इसके बाद सीएम ने ग्लोबल समिट की तैयारियों का निरीक्षण करने मानव संग्रहालय का रुख करेंगे। यहां जीआईएस के लिए बनाए गए



पवेलियन, मुख्य सभागार, विभागीय सेक्टर सम्मेलन स्थल समेत अन्य कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश देंगे। इसके बाद वे सदर मंजिल में समिट की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। इसे होटल का रूप दिया गया है तथा देश विदेश से आने वाले निवेशकों के रुकने और बैठक की व्यवस्था की गई है।

### पुराने उद्योगों को मजबूती देने की कवायद

नये उद्योंगो के साथ ही बंद पड़े पुराने उद्योगों को भी सरकार का बूस्टर डोज देने की योजना है। इन्हें हर दृष्टि से मदद दी जाएगी, ताकि ये फिर से खड़े हो जाए। लेकिन इसके लिए सरकार की कुछ शर्तें होंगी। सीएम ने भोपाल व आसपास के जिलों के निवेशकों व उद्योगपतियों से चर्चा में यह बात कही। सीएम ने कहा कि निवेशकों के लिए सभी द्वार खोल दिए हैं। आकर्षक नीतियां बनाई है। अब जितने चाहे, उतने उद्योग लाएं। उन्होंने 1100 औद्योगिक इकाइयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय प्रोत्साहन राशि भी ट्रांसफर की और कहा कि न केवल निवेश करें, बल्कि 24-25 फरवरी को भोपाल में हो रही समिट की मेजबानी भी करें।

### स्क्रूटनी : समिट में मौजूद रहेंगे 25 हजार मेहमान

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में यह तय हो गया कि अब 25 हजार मेहमानों को एंट्री मिलेंगी। जबकि करीब 7 हजार रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिये गये हैं। हालांकि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब उद्घाटन करेंगे, तब मानव संग्रहालय में 5 हजार उद्योगपति ही रहेंगे। इनमें अडाणी, बिड़ला जैसे देश के शीर्ष उद्योगपति भी शामिल हैं। बताया जाता है कि इस समिट के लिए कुल 32 हजार रजिस्ट्रेशन हुए थे। आखिरी तीन दिन में ही 10 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने के कारण विंडो एक दिन पहले ही बंद करना पडा। अब समिट को लेकर प्लान भी थोडा बदलना प?ा है। एमपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन का कहना है कि समिट में 20 हजार मेहमानों को शामिल करने का टारगेट था। ज्यादा रजिस्ट्रेशन होने पर उनकी स्क्रूटनी की गई। जिसमें 7 हजार रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिए गए हैं। अब बाकी बचे 25 हजार उद्योगपतियों को ही इवेंट में शामिल होने की अनुमति मिलेगी।

## पाकिस्तान की जेल से भारतीय मछुआरे रिहा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची की मलीर जेल में बंद 22 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। एक स्थानीय समाचार पत्र ने मछुआरों की रिहाई के बारे में मलीर जेल अधीक्षक का हवाला दिया, जिन्होंने बताया कि मछुआरों को सजा पूरी होने के बाद रिहाई दी गई। आज उन्हें भारत को सौंपा जा रहा है। एधी फाउंडेशन ने मछुआरों को लाहौर पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था की है। उन्होंने मछुआरों का यात्रा खर्च वहन करने के साथ ही उन्हें उपहार और नकद राशि प्रदान की। फाउंडेशन ने दोनों सरकारों से आग्रह किया है कि मछुआरों के प्रति दयालु दृष्टिकोण अपनाया जाए। क्योंकि उन्होंने अनजाने में समुद्री सीमा को पार किया था।

## भारत से भिड़ने के पहले पाक ने बहाया पसीना

**दुबई, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच कल दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी का महामुकाबला होगा। इस बहुप्रतीक्षति मैच के लिये पाकिस्तानी क्रिकेट टीम प्रेक्टिस में पसीना बहा रही है। क्योंकि इस मैच में हार से उसका पूरा गणित ?बिखर जायेगा। लिहाजा दुबई में स्पेशल तैयारी जारी है। भारतीय टीम भी पूरी तैयारी में जुटी है। न्यूजीलेंड से पहला मैच गंवाने के बाद अब पाकिस्तान दबाव में है तो भारतीय टीम ने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को पटखनी दी है। लिहाजा पाकिस्तानी टीम ने एक 'एक्सटेंडेड प्रैक्टिस सेशन' आयोजित किया और अपनी तैयारियों का सत्र बढ़ा दिया है।

## महाकुंभ में जनसैलाब, फ्लाइट का किराया 12 गुना तक बढ़ा

### प्रयाग के एंट्री पाइंट पर गाड़ियों का रेला

**प्रयागराज, एजेंसी**

महाकुंभ का आज 41वां दिन है। मेला खत्म होने में चार दिन और बचे हैं और छुट्टी के दो दिन होने की वजह से यहां श्रद्धालुओं की भीड़ जबर्दस्त तरीके से बढ़ गई है। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर बाहर से आने वाली गाड़ियों को रोका जा रहा है। शहर से बाहर बनी पार्किंग में गाड़ी पार्क करनी पड़ रही। यहां से संगम की दूरी 10 से 12 किमी है। एंट्री पॉइंट्स पर रोके गए श्रद्धालुओं को कम से कम 10-12 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि शटल बसें, ई-रिक्शा, ऑटो, ठेले मेला क्षेत्र में चल रहे हैं लेकिन ये सभी मनमाना किराया वसूल रहे हैं। वहीं दिल्ली से प्रयागराज की फ्लाइट का किराया इस समय 38 से 42 हजार रुपए के बीच बता रहा है। हालांकि, 26 फरवरी के बाद यह किराया सिर्फ 3 हजार रुपए दिख रहा है। ऐसे में इस समय किराया 12 गुना तक महंगा है।

## इंदिरा पर टिप्पणी से उबले कांग्रेस विधायक, सदन में गुजारी रात

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान विधानसभा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर टिप्पणी को लेकर जोरदार हंगामा के बाद 6 कांग्रेस विधायकों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने के बाद मामला और बढ गया। निलंबन के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने पूरी रात राजस्थान विधानसभा में बिताई। कंबल, गद्दे, चादर और तकिए के साथ उन्होंने विधानसभा को ही अपना आशियाना बना लिया। दरअसल मंत्री गहलोत ने प्रश्नकाल के दौरान कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास संबंधी सवाल का उत्तर देते समय विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा, '2023-24 के बजट में भी आपने हर बार की तरह अपनी 'दादी' इंदिरा गांधी के नाम पर इस योजना का नाम रखा था।'

**मेट्रो एंकर**

### भोपाल से दिल्ली के सफर की दस्तान से मचा हड़कंप

# शिवराज को मिली टूटी सीट, सफर में तकलीफ के बाद निशाने पर एयर इंडिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एयर इंडिया विमानों की हालत कों कर किया गया सोशल मीडिया पोस्ट चर्चित हो गया है। दरअसल शिवराज को कार्यक्रम में शामिल होने राजधानी भोपाल से दिल्ली जाना था। इस दौरान उन्होंने एयर इंडिया से सफर किया और खस्ताहाल सर्विस का खुलासा किया। उन्होंने फ्लाइट में किए अपने तकलीफदायक शेयर को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए शेयर करते हुए कहा कि मुझे भोपाल से दिल्ली आना था। पूसा में किसान मेले का उद्घाटन और कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक के साथ चंडीगढ़ में किसान संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा करनी थी। मैंने एयर




इंडिया की फ्लाइट एआई436 में टिकिट करवाया। वहां मुझे सीट क्रमांक 8 सी दी। उन्होंने आगे लिखा कि मैं जाकर सीट पर बैठा तो देखा सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। इस सीट पर बैठना तकलीफदायक था। जब मैंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो दी क्यों? इस पर उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट को पहले बता दिया गया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। हालांकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को दिक्कत में देखकर साथ में सफर करने वाले लोगों उनसे आग्रह किया कि वे उनसे सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाएं। इस पूर्व सीएम ने कहा कि मैं अपने लिए किसी और को तकलीफ क्यों दूं, मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा। उन्होंने उसी सीट पर सफर किया जो तकलीफदेह साबित हुआ।

### एयर इंडिया की बेहतर सेवा मेरा महज भ्रम निकला...

शिवराज सिंह ने मैनेजमेंट कंपनी टाटा पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी, लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है पर यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है? क्या आगे किसी यात्री को ऐसा कष्ट न हो, इसके लिए एयर इंडिया प्रबंधन कदम उठाएगा या यात्रियों की जल्दी पहुंचने की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा। अब शिवराज के इस रिएक्शन के बाद लोगों की नजरें एयर इंडिया के जवाब पर है कि वह केंद्रीय मंत्री के इन सवालों के जवाब में क्या कहता है। गौरतलब है कि कई निजी विमान कंपनियां के विमानों में कई तरह की दिक्कतें पहले भी उजगार होती रही हैं।

## ग्लोबल समिट की तैयारी





**भोपाल।** शहर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। जहां एक ओर राजधानी को सजाया जा रहा है। वहीं आने वाले निवेशकों के लिए खास तैयारी की जा रही है। साथ ही लाल परेड ग्राउंड पर हेलीपेड को भी तैयार कर रहे हैं।

# सारंगपाणी लेक : कैचमेंट एरिया में कचरा-गंदगी के साथ कपड़ा घुलाई

## कभी यहां लगता था पर्यटकों का जमावड़ा, आज अपनी पहचान को तरस रही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सारंगपाणी लेक के सौंदर्यीकरण में अनदेखी को लेकर भेल इलाके के पिपलानी, इंद्रपुरी, बरखेड़ा सहित आसपास के बाजारों के व्यापारी और कॉलोनियों के रहवासियों ने नाराजगी जाहिर किया है कहा कि इसके संचालन का जिमा एमपी टूरिज्म को दिया जाना चाहिए जिससे इसका भी डेवलपमेंट बोट क्लब और सैर सपाटा की तर्ज पर माडुलेटेड तरीके से हो सके। इसके डेवलपमेंट से एक ओर जहां आसपास के 5 लाख से ज्यादा लोगों को सुविधा मिलेगी। वहीं, दूसरी ओर इसके माध्यम से पयर्टन के साथ-साथ रेवेन्यू भी जनरेट किया जा सकेगा। इसको लेकर जल्द ही हम लोग स्थानीय जनप्रतिनिधयों से मुलाकात कर इसे एमपी टूरिज्म के माध्यम से इसका संचालन कराए जाने की मांग करेंगे। जिससे भोपाल के साथ-साथ भेल को भी नई पहचान मिलेगी। बता दें कि पयर्टन की दृष्टि से बोट क्लब और सैर सपाटा के बाद यह शहर के बीचोंबीच स्थित तीसरा टूरिज्म हॉटस्पॉट होगा।

भेल टाउनशिप की इकलौती धरोहर जिसे 60 साल पहले भेल के पहले ईडी रहे एस सारंगपाणी ने बनवाया था, अब उसके अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। आलम यह है कि सारंगपाणी लेक धीरे-धीरे अपनी पहचान खोती जा रही है कभी यहां पर भेलकर्मी, आसपास के कॉलोनियों के रहवासी सहित अन्य पयर्टकों का जमावड़ा लगता था, लेकिन अब आसपास बिखरी गंदगी, सुविधाओं का आभाव, मछ्ली पालन और धोबी घाट पहचान बन गई है।

### आसपास फैल रही दुर्गंध

कचरा खुले में गंदगी की जा रही है। जिससे पानी की गुणवत्ता भी पहले जैसी अब नहीं रही। ऐसे में समय रहते भेल प्रशासन जागा नहीं तो आने वाले दिनों में भेल क्षेत्र की एक मात्र झील धीरे-धीरे दम तोड़ देगी।



### एमपी टूरिज्म को देने की मांग उठ चुकी है

सारंगपाणी लेक के सौंदर्यीकरण के साथ एमपी टूरिज्म को देने की मांग उठ चुकी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों में आपसी श्रेय लेने की होड़ में प्रपोजल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इसके बाद से अब तक भेल नगर प्रशासन ने भी इसके सौंदर्यीकरण को लेकर खास कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिससे पिछले कई सालों सारंगपाणी लेक धीरे-धीरे खस्तहाल हो गई। अब हालात ऐसे हैं कि यहां पर कैचमेंट एरिया में कचरा, गंदगी के साथ कपड़े भी धाए जा रहे हैं। लेक के किनारे की गई फेंसिंग डैमेज हो चुकी है आवारा मवेशियों के साथ पालतू गाय और भैंस भी नहलाए जा रहे हैं। जिससे पानी की गुणवत्ता और खराब होती जा रही है।

### पर्यटन विकास निगम को देने की भी उठ चुकी है मांग

श्रमिक यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भेल नगर सलाहकार समिति की बैठक में सारंगपाणी झील को पर्यटन विकास निगम को सौंपने की मांग की जा चुकी है,लेकिन भेल प्रबंधन की तरफ से इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया। अब स्थिति यह है कि सीवेज मिल रहा है,कचरा फेंका जा रहा है जिससे लेक अपनी पहचान खोती जा रही है।

# सरकारी डॉक्टर का आंदोलन हुआ तेज, ओपीडी बंद कर उपवास पर बैठे

## सरकार ने बनाई उच्चस्तरीय समिति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है और इसमें कई नये कदम भी उठ रहे हैं। बीते दो दिन में दिन जहां डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर काम किया था, वहीं कल इन डॉक्टर्स ने अमानक दवाईयों का सांकेतिक दहन किया। अब डॉक्टर अपने आंदोलन को और तेज करने की तैयारी में हैं। राजधानी के हमीदिया अस्पताल में विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत के बाद अब डॉक्टरों ने आज सामूहिक उपवास करने का निर्णय लिया। दोपहर 1 से 2 बजे तक हमीदिया अस्पताल में डॉक्टर सामूहिक उपवास पर बैठे। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी बंद रहेगी, जबकि इमरजेंसी सेवाएं चालू रहीं। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशभर के सरकारी डॉक्टर अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसी क्रम में प्रदेश के अलग-अलग अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टर्स ने प्रतीकात्मक रूप से अमानक दवाइयों की होली जलाकर विरोध दर्ज कराया। हमीदिया हॉस्पिटल में भी डॉक्टर्स ने अमानक दवाईयों की सांकेतिक होली जलाई।

प्रदेशभर में सरकारी डॉक्टरों के आंदोलन के बाद सरकार ने उनकी मांगों पर विचार करते हुए उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है। यह समिति चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मांगों और सुधारों पर काम करेगी और जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसमें प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, म.प्र. भोपाल को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में विभाग के आयुक्त व संचालक समेत अन्य अफसर रखे गये हैं।

# बिजली मीटर उखाड़ा, सर्विस लाइन खराब की तो तीन साल की जेल होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिजली मीटर में तोडफ़ोड़ करने, मन से उखाडक़र अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने पर आपको तीन साल की जेल हो सकती है। बिजली कंपनी ने शुक्रवार को इसे लेकर निर्देश जारी किए। इसमें 10 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान भी है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कंपनी ने इसके निर्देश दिए। कंपनी की ओर से बताया गया कि उपभोक्ता को मीटर, रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो कॉलसेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट, उपाय एप पर दर्ज करवा सकते हैं।

# निरंकारी बैरागढ़ ब्रांच के स्वयं सेवक करेंगे झूलेलाल विसर्जन घाट की सफाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

संत निरंकारी मिशन के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण की शुरूआत 23 फरवरी को होगी। देशभर में निरंकारी मिशन से जुड़े कार्यकर्ता साफ-सफाई करेंगे। सुदीक्षाजी एवं रमितजी यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली में तीसरे चरण की शुरूआत करेंगे। संत निरंकारी मिशन के जोन 24ए की सभी ब्रांचों के साथ ही भोपाल ब्रांच द्वारा 23 फरवरी को प्रातः 7 से 10 बजे तक खटलापुरा मंदिर से करिश्मा पार्क छोटा तालाब के किनारे और बैरागढ़ ब्रांच द्वारा प्रातः 7 से 10 बजे तक झूलेलाल विर्सजन घाट के सामने गुलाब उद्यान के समीप तालाब किनारे साफ-सफाई की जाएगी ।

### प्रोजेक्ट अमृत - देशभर में स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना का तीसरा चरण 23 को



**वर्ष 2023 से हुई थी शुरूआत :** संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंहजी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' की शुरूआत की गई थी। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में सफलता प्राप्त की। इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है।

**देश में 1600 स्थानों पर अभियानः** संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा दिल्ली में इस अभियान को पूर्व की भांति 'आओ सवारें, यमुना किनारे' के प्रेरक संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है।

**10 लाख स्वयं सेवक जुड़ेः** संत निरंकारी मिशन के लगभग 10 लाख समर्पित स्वयंसेवक के साथ-साथ इंद्रप्रस्थ, जे.एन.यू. और दिल्ली विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के युवाओं के साथ मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। गीतों की संगीतमय प्रस्तुति, समूह गान, जागरूकता सेमिनार और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जल जनित रोगों और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

# जीएनएम-एएनएम परीक्षाएं 1 अप्रेल से

**भोपाल**

मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने 2022-23 सत्र के जीएनएम और एएनएम नर्सिंग परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। यह एक से और आठ अप्रेल तक चलेंगी। 11 से 17 अप्रेल तक प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी। छात्र-छात्राएं पिछले तीन साल से प्रथम वर्ष की परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। परीक्षा नहीं होने से विद्यार्थी परेशान थे।



# सुरक्षा और मेंटेनेंस के अभाव में शहर के पार्क बनो असामाजिक तत्वों का ठिकाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सुरक्षा और मेंटेनेंस के अभाव में छोटे तालाब किनारे बना नीलम पार्क ,धरना प्रदर्शन तक सीमित रह गया है। दिन में यहां आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। जिसके चलते फैमिली के लोग बहुत कम आते हैं। धरना प्रदर्शन, आंदोलन के दौरान जरुर यहां भीड़ रहती है। छोटे तालाब किनारे प्राकृतिक खूबसूरती के साथ पार्क में फव्वारे, बैठने के शेड, प्लेटफार्म, बैंचे आदि हैं,लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में बर्बाद होते जा रहे हैं। जबकि फव्वारों के लिए पानी की कमी नहीं है। पार्क में चारों ओर कचरा देखा जा सकता है। यहां सफाई निरंतर नहीं होती है। पड़ताल में सामने आया कि इसके एक हिस्से में माली पानी तो देते है,लेकिन स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स से लगे आधे हिस्से को लावारिश छोड़ दिया गया है। सुरक्षा के नाम पर एक टेप्रेरी कर्मचारी ही कभी कभार नजर आता है। इस मार्ग में दिहाड़ी मजदूर, भीख मांगने वालों से लेकर नशा करने वाले तक आकर बैठते हैं। दोपहर में यहां जुआ खेलते लोग भी देखे जा सकते हैं। जहांगीराबाद चौराहे से लगा होने के बाद भी इस पार्क में फैमिली के साथ लोग आने से बचते हैं। दिन के समय इस पार्क में जगह-जगह लोग जुआ खेलते हुए देखे जा सकते है।

**मेट्रो एंकर** | दूरसंचार विभाग की कार्रवाई, अनचाहे कॉल्स नहीं करेंगे परेशान, 33 हजार नंबर

# मार्केटिंग के लिए अब 140 से ही आएगी कॉल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मोबाइल उपभोक्ताओं को सरकारी गैर सरकारी कंपनियां अब अनचाहे मार्केटिंग कॉल्स और रोबोटिक कॉल्स करके परेशान नहीं कर सकेंगी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का इस्तेमाल करते हुए जिन ग्राहकों ने इस मामले में शिकायतें दर्ज कराई थीं उस आधार पर दूरसंचार विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिकायतों का गहन विश्लेषण करने के बाद ट्राई और दूरसंचार विभाग के नियमों का इस्तेमाल करते हुए कंपनियों पर कार्रवाई की गई है। इन कंपनियों के लगभग 35 हजार मोबाइल नंबर कनेक्शन को बंद कराया गया है। पहले मार्केटिंग कंपनियों को दूर संचार विभाग को ट्राई के नियमों से अवगत कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को दिन में कई बार मार्केटिंग कॉल्स के जरिए परेशान करना गैरकानूनी करार दिया गया है।

### हेल्पलाइन पर दर्ज कर सकेंगे शिकायत

ग्राहक इस तरह के मामलों में दूरसंचार विभाग की हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर सकेंगे। उल्लेखनीय की इन दिनों निजी क्षेत्र में काम करने वाले छोटे-बड़े उद्योग समूह डाटा कलेक्शन कर दिन में अनेक बार मोबाइल नंबर उपभोक्ताओं को ऑपरेटर के माध्यम से फोन लगाकर आकर्षित करने का प्रयास करते हैं जिससे नागरिकों का सुविधा का सामना करना पड़ता है।



### इन कॉलिंग कोड को किया अनिवार्य

मार्केटिंग कॉल्स के लिए 140 कोड सीरीज ही उपयोग करनी है। इसका मतलब मार्केटिंग कॉल के पहले यह कोड नजर आना चाहिए। डायरेक्टरेट ऑफ टेलीकॉम सर्विसेज ने सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल्स के लिए विशेष रूप से 160 श्रृंखला का नया नंबरिंग सीरीज जारी किया है। ग्राहकों को स्पष्ट किया जाना चाहिए की मार्केटिंग कॉल्स के लिए ही इन कोड का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा नहीं करने वाली कंपनियों के अनचाहे प्रमोशन कॉल्स और रोबो कॉल्स को अवैधानिक करार दिया गया है।

# जापान ने दी जीआईएस में कंट्री पार्टनर बनने की सहमति, कई देशों के राजदूत भी आएंगे

## विश्व स्तर पर काम करने वाली संस्थाओं ने भी जताई सहमति

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट अथवा जीआईएस में जापान कंट्री पार्टनर होगा, उसके द्वारा यह सहमति दे दी है। जीआईएस 24 व 25 को भोपाल में होगी। पीएम नरेंद्र मोदी शुभारंभ करेंगे। इसमें कई देशों के राजदूतों ने आने का न्योता स्वीकार कर लिया है। कुछ उच्चायुक्त, कई महावाणिज्य दूत और वैश्विक स्तर पर काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागी बनने की सहमति दे दी है।

जानकारी के मुताबिक अब तक सहमति देने वालों में जर्मनी, जापान, स्विटजरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यक दूतों के साथ-साथ यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ कूटनीतिक प्रतिनिधि शामिल हैं। यही नहीं, नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किना फासो के राजदूतों के साथ-साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की सहमति दे दी है। विश्व बैंक, वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसीज, जापान की जेट्रो कंपनी, जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट, इन्वेस्ट ओटावा, इटालियन ट्रेड एजेंसी, ट्रेड कमिश्नर सर्विसेज ऑफ कनाडा, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया), मैट्रेड (मलेशिया) के प्रतिनिधि भी आएंगे। अधिकारियों के मुताबिक वाणिज्य मंडलों में इंडो जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी), जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर (जीआइआईसी), सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई), इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन कोरिया (आईसीसीके), इंडो-पोलिश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आइपीसीसीआई), इंडिया जिबूती चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) की ओर से भी सहमति मिल गई है।



## पिछली समिट के एमओयू का ब्योरा कांग्रेस ने मांगा

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 24-25 फरवरी को राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल करोड़ों रुपए बर्बाद करने का जरिया है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में हुए एमओयू का हिसाब मांगा। उधर कांग्रेस के सवाल उठाने पर सीएम मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस अलग-अलग बहानों से अपनी जमीन खोज रही है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की समृद्धि और विकास में रोड़े अटकाए। ज्ञात हो कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रही है। जिसमें पीएम मोदी के साथ ही देश और विदेश के कई उद्योगपति शिरकत करेंगे। पूर्व सीएम दिग्विजय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात में समिट के अलावा किसानों के मुद्दे पर कहा कि भाजपा सरकार में सोयाबीन के दाम घट रहे हैं। वहीं तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने काले धन को वापस लाने के मोदी के वादे और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों का भी मुद्दा उठाया।

### मोदी से मिलने लायक बनें ;सीएम

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो दिवसीय भोपाल प्रवास के दौरान उनसे भेंट के लिए समय मांगा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि पहले कांग्रेस इस लायक तो बने। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं रखेगी। यह जिम्मेदारी है कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आने वाले देश विदेश के उद्योगपतियों की मेहमान नवाजी का पूरा ध्यान रखें।

## हिंदी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया

**भोपाल।** राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। तकनीकी युग में मातृभाषा का अस्तित्व और चुनौतियां विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत शामिल हुए।

पंत ने कहा कि आज यह ध्यान रखना आवश्यक है कि भाषाओं के विकास में तकनीक हावी न हों जाए और हम तकनीक के गुलाम न हो, बल्कि तकनीक के स्वामी हों। उपभोक्तावादी संस्कृति संघर्ष बढ़ा देती है। आज यह जरूरी है कि हम अपनी ज्ञान परम्परा और समृद्ध संस्कृति को महत्व दें, तभी प्रकृति से भी जुड़ सकेंगे। पंत ने हिंदी और भारतीय भाषाओं के परस्पर सम्पर्क पर विस्तृत प्रकाश डाला।

यह संगोष्ठी राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी और हिंदी प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल ने कहा कि भाषायी सद्भावना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और उपयोग की बात कही गई है। मप्र में हिंदी ग्रंथ अकादमी ने भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अनेक प्रकाशन किए हैं। इसके साथ ही अनुवाद को भी महत्व दिया जा रहा है।

राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए प्रदेशभर के कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश

# निजी स्कूल मान्यता के लिए 25 तक आवेदन तिथि बढ़ाई



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

निजी स्कूलों द्वारा मान्यता नियमों में बदलाव के लगातार विरोध के बीच स्कूल शिक्षा विभाग मान्यता आवेदन की तारीख में एक बार फिर बढ़ोत्तरी की है। निजी स्कूल अब मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता के लिए अब 25 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। हालांकि राज्य शिक्षा केन्द्र ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मान्यता संबंधी निर्देश पूर्व की तरह यथावत रहेंगे।

### पूर्व में 14 फरवरी थी अंतिम तिथि

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। अशासकीय विद्यालयों की दिक्कतों को देखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं।

### समेकित छात्रवृत्ति योजना लागू, 20 प्रकार की छात्रवृत्ति सीधे खाते में पहुंचेगी

स्कूल शिक्षा विभाग ने समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना लागू की है। योजना का नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग निर्धारित किया गया है। समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर सीधे विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है। योजना में प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षावार, स्कूल वार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल में संबंधित की जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम, जो छात्रवृत्ति गणना करने में आवश्यक होते हैं, उसे रिकॉर्ड में रखा जाता है।

## अतिथि शिक्षकों की सेवाएं सरकारी स्कूलों में 30 अप्रैल तक

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों की सरकारी स्कूलों में सेवाएं बढाने को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अतिथि शिक्षकों की सेवाएं विभाग ने 30 अप्रैल तक बढ़ाने का फैसला किया है। यह शिक्षक अब स्कूलों में शिक्षकों के खाली पड़े स्थानों पर सेवाएं देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शासकीय विद्यालयों मे शैक्षणिक व्यवस्था हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में विद्यालयों मे अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के निर्देश संदर्भित पत्रों मे दिये गये थे. शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की सेवायें विद्यालय मे रिक्त पद होने की स्थिति में 30 अप्रैल 2025 तक ली जा सकेगी।

प्रदेश में गिद्धों की गणना पूरी, करीब दो हजार की बढ़ोतरी

# अब प्रकृति के निःशुल्क सफाई कर्मियों की संख्या हुई 12981

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में गिद्धों की संख्या बढ़कर 12 हजार 981 हो गई है जो बताती है कि प्रदेश का प्राकृतिक माहौल सुधर रहा है, जो कि एक तरह का शुभ संकेत माना जा रहा है। ये प्रकृति के निःशुल्क सफाई कर्मी कहे जाते हैं, क्योंकि ये सड़े-गले जानवर व उनका अवशेषों को खाकर प्रकृति को साफ रखने में मदद करते हैं।



**कब कितनी थी संख्या:** वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीते साल गिद्धों की संख्या 10 हजार 845 थी। वर्ष 2019 में 8 हजार 397, वर्ष 2021 में 9 हजार 446 थी। इनकी गिनती से पहले वन क्षेत्रों को चिन्हित कर सेक्टर में बांटते हैं। एक ही दिन और एक ही समय में इन्हें गिना जाता है। उन्हीं गिद्धों को आकलन में शामिल करते हैं जो घोसलों में बैठे होते है, उड़ने वाले गिद्धों को शामिल नहीं करते।

**तीन दिन चली गिनती:** इनकी दो बार गिनती होती है। पहली बार की गिनती 17, 18 एवं 19 फरवरी को 16 वृत्त, 64 डिवीजन और 9 संरक्षित क्षेत्रों में कराई गई। इसमें वन विभाग के हजारों अधिकारी, कर्मचारियों, डब्ल्यूआइआइ व स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। असल में गिद्धों की गिनती वर्ष 2016 से हुई थी। इनकी 7 प्रजातियां है। इसमें से 4 प्रजातियां स्थानीय एवं 3 प्रजातियां प्रवासी हैं।

# अब दतिया बना मध्यप्रदेश का 8वां यात्री सेवा वाला एयरपोर्ट

## नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दिया यात्री एयरपोर्ट का लाइसेंस

**भोपाल।** दतिया एयरपोर्ट यात्री सेवा वाला प्रदेश का 8वां एयरपोर्ट बन गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार इसे 3-सी/वीईआर श्रेणी का लाइसेंस दिया है। सितंबर 2024 से पहले प्रदेश में केवल 5 हवाई एयरपोर्ट भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खुजराहो और ग्वालियर को ही सार्वजनिक उपयोग के लिए उक्त लाइसेंस मिले थे। मोहन सरकार के प्रयास और केंद्र के सहयोग से 9 सितंबर 2024 को रीवा हवाई अड्डे को अनुमति मिली थी जो 3-सी/आइएफआर श्रेणी की थी। 23 दिसंबर 2024 को सतना हवाई अड्डे को भी अनुमति मिल गई थी।

उल्लेखनीय है कि यह 118 एकड़ में फैला है जिसका रनवे 1810 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा है, जबकि टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 768 वर्ग मीटर है, जिसमें 100 यात्री प्रति घंटे की क्षमता है। एप्रोन दो एटीआर-72 विमानों के लिए उपयुक्त है। हवाई अड्डे पर एक्स-रे मशीन (आरबी व एचबी), ईटीडी, आधुनिक सीसीटीवी तंत्र, डीएफएमडी, एचएचएमडी, वॉकी-टॉकी, आरटी-एसईटी, बैगेज हैंडलिंग सिस्टम है, जो यात्रियों की सुविधा को चाक-चौबंध करते हैं। यात्रियों के लिए आइटी बेस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर है। वाइफाई की सुविधा दी गई है। आपातकाल से निपटने के लिए भी आधुनिक व्यवस्था है।



### ये होंगे लाभ

दतिया में प्रसिद्ध मां पीताम्बरा पीठ है। यहीं से कुछ दूरी पर ओरछा है, जहां राम राजा दरबार है। यहीं 600 वर्ष से भी अधिक समय के प्रसिद्ध इतिहासिक मंदिर है, जिनमें से कुछ मंदिरों का निर्माण राजा मधुकर शाह बुंदेला ने कराया था। ये सभी स्थान पर्यटन सर्किट है जहां देश व दुनिया से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। एयरपोर्ट पर यात्री विमान शुरू होने से इन श्रद्धालुओं को मदद मिलेगी।




## संपादकीय

# मजबूत व्यवस्था का भरोसा जरूरी

हाल में भारतीय रिजर्व बैंक के एक निर्णय ने फिर ध्यान खींचा है। उसने मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर निकासी की पाबंदी सहित कई प्रतिबंध लगाए हैं । इससे बैंकों की अक्षमता और कुप्रबंधन के कारण लोगों को किस प्रकार परेशानियों का सामना करना प? रहा है यह जाहिर हो गया है। बैंकों में जमा राशि पर ही तमाम लोगों का जीवन निर्भर करता है। इस बात को लेकर भी बहस चल रही है कि क्या भारत को अभी भी सहकारी बैंकों की आवश्यकता है, क्योंकि तकनीक की बदौलत वाणिज्यिक बैंकों की पहुंच का बहुत अधिक विस्तार हो चुका है। जमाकर्ताओं को बचाने के लिए पांच लाख रुपये तक की जमा राशि जमा बीमा एवं ऋण गारंटी कॉर्पोरेशन द्वारा गारंटीड होती है। दरअसल बैंकों का कारोबार आपसी विश्वास पर निर्भर रहता है क्योंकि बैंकों की बैलेंस शीट में अस्थिरता अंतर्निहित होती है। जमा के मामले में अक्सर बैंकों की देनदारी अल्पकालिक होती है और वे अपेक्षाकृत लंबे समय के लिए ऋण जारी करते हैं। इससे परिसंपत्ति और देनदारी में अंतर पैदा हो जाता है। जहां जमाकर्ता आसानी से अपना पैसा निकाल सकते हैं, वहीं बैंक अपने ऋण को आसानी से वापस नहीं ले सकते। तकनीक को अपनाने के बाद प्रबंधन और अधिक जटिल हो गया है। जमाकर्ता अपनी जमा राशि को तत्काल बिना बैंक शाखा गए एक खाते से दूसरे खाते में डाल सकते हैं। इसके चलते कोई अफवाह भी बैंक के पतन का कारण बन सकती है। इससे खातेदारों में घबराहट फैलती है। तो अन्य बैंक भी प्रभावित होते हैं। अमेरिका में 2023 में ऐसा हो चुका है। इसकी शुरुआत सिलिकन वैली बैंक के साथ हुई थी। भरोसे का संकट समूचे बैंकिंग तंत्र को ध्वस्त कर सकता है, इसका असर व्यापक अर्थव्यवस्था पर होगा। यही वजह है कि बैंकों का सही नियमन किया जाना चाहिए। बहरहाल, ग?बड़ियों की आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि अधिकांश बैंक जमा का बीमा हो। इसकी शुरुआत सभी व्यक्तिगत खातों का बीमा कवर ब?ाकर की जा सकती है। एक साधारण जमाकर्ता से यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि वह निरंतर बैंक की स्थिति का आकलन करेगा। यह नियामक का काम है और इसे नियामक को ही अंजाम देना चाहिए। बैंक खाता नागरिकों की बुनियादी जरूरत है और राज्य को उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यकीनन इसके साथ संबद्ध लागत भी होगी। यह लागत जमाकर्ताओं, बैंकों और सरकार के बीच साझा की जा सकती है क्योंकि बैंकिंग व्यवस्था की स्थिरता अर्थव्यवस्था के सहज काम करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। अगर जमाकर्ता को पता होगा कि उसकी राशि सुरक्षित है तो वे पैसे निकालने की ह?ब?ी नहीं दिखाएंगे। अमेरिका में सिलिकन वैली बैंक संकट में बीमा का विस्तार हर जमा तक किया गया जिससे ब?ा बैंकिंग संकट टाला जा सका। भारत में बीमा कवरेज ब?ाने से सरकारी और निजी बैंकों के बीच समान अवसर बन सकेंगे। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि सुरक्षा की ऐसी गारंटी से बैंक प्रबंधनों में जोखिम की प्रवृत्ति ब?ेगी। इससे व्यवस्था और संकट में प? जाएगी। बहरहाल यह सुनिश्चित करना नियामक का काम है कि जोखिम का भलीभांति प्रबंधन हो। यह ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है कि सुरक्षा का दायरा बैंक जमा तक ब?ाया जाना चाहिए, कुल मिलाकर बैंकिंग सिस्टम को और मजबूत और भरोसेमंद बनाने के लिये लगातार कदम उठाने जरूरी होंगे।

> प्राणी के जीवन में सन्तोष दरिद्रता का दूसरा नाम है।
> - प्रेमचन्द

## आज का इतिहास

- 1547 - एडवर्ड षष्ठम का इंग्लैंड के शासक के पद पर वैस्टमिनिस्टर ऐबे में राज्याभिषेक।
- 1798 - लुई एलेक्जेंडर बर्थियर ने पोप पायस षष्ठम को पदच्युत किया।
- 1833 - मिस्र के साथ युद्ध में तुर्की की मदद के लिए रूसी जहाज़ बास्फ़ोरस की खाड़ी में पहुँचे।
- 1835 - कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला।
- 1846 - अंग्रेजों ने लाहौर पर क़ब्ज़ा किया।
- 1847 - रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब की स्थापना।
- 1868 - अमृत बाज़ार पत्रिका का बांग्ला में साप्ताहिक रूप में प्रकाशन शुरू हुआ।
- 1872 - न्यूयार्क शहर में मेट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट्स खुला।
- 1873 - कैलिफ़ोर्निया यूनिवर्सिटी ने सैन फ्रांसिस्को में अपने पहले मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की।
- 1933 - एडॉल्फ़ हिटलर ने चुनाव में नाज़ी पार्टी को सहयोग देने के लिए गुप्त तौर पर जर्मन उद्योगपतियों से मुलाकात की।
- 1935 - कैरोलाइन मिकेल्सन अंटार्कटिक पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।
- 1940 - इंग्लैंड में दक्षिण अफ़्रीका में नए निवेशों पर लगी पाबंदियाँ उठा लेने की घोषणा की।
- 1942 - द्वितीय विश्वयुद्ध में जापानी सैनिकों ने डच ईस्ट इंडीज में बाली पर हमला कर दिया।
- 1947 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को आज़ादी देने के बारे में घोषणा की।
- 1962 - जान एच ग्लेन अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने।
- 1965 - नासा द्वारा प्रक्षेपित रेंजर आठ चांद पर उतरा, फोटो और ज़रूरी डेटा भेजे।
- 1968 - मुंबई के केईएम अस्पताल के डॉक्टर पी.के. सेन ने हृदय प्रत्यारोपण का पहला आपरेशन किया।
- 1975 - मार्गरेट थैचर ब्रिटिश कंज़र्वेटिव पार्टी की नेता निर्वाचित हुईं।
- 1976 - मुंबई हाई में कच्चे तेल का व्यावसायिक स्तर पर उत्पादन शुरू हुआ।
- 1982 - कन्हार नदी जल पर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में समझौता।
- 1986 - सोवियत संघ द्वारा सेल्युत-7 की अपेक्षा अधिक विकसित अंतरिक्ष स्टेशन मीर (शान्ति) का प्रक्षेपण।

## निशाना

### तय करती पर जनता



-कृष्णेन्द्र राय

तय करती पर जनता !
मेहनत का फल है मिला ।
ना बस हवा हवाई ।।
हो जाती जब अति ।
है फिर जगहंसाई ।।
मिला फिर से मौका ।
जनमत का आदेश ।।
तय करती है जनता ।
कौन है विशेष ।।
है उतरना खरा ।
रखना फिर से ध्यान ।।
वरना फिर रसातल ।
आता जब गुमान ।।
अपने अपने स्तर पर ।
सबका हुआ प्रयास ।।
तय करती पर जनता ।
कौन उसे पर रास ।।

# कॉर्पोरेट्स से मिमियाना और किसानों पर धौंस जमाना

■ देविंदर शर्मा

घुयह असमानता डरावनी है। एक आरटीआई याचिका का जवाब देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि 1 अप्रैल, 2014 से बैंकों ने भारत की विभिन्न कॉर्पोरेट्स की तरफ बकाया 16.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। वहीं, संसद में राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि देश में बकाया कृषि ऋण अब 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। 18.74 करोड़ से अधिक किसान देनदारी के बोझ तले दबे हैं।बेनीवाल ने कहा कि वास्तव में कुल बकाया कृषि ऋण देश के वार्षिक बजट में कृषि क्षेत्र के लिए आवंटित धन से 20 गुना अधिक है। उन्होंने वित्त मंत्री से पूछा कि किसानों के लिए किसी भी प्रकार की कृषि ऋण माफी योजना का उल्लेख क्यों नहीं किया गया। इसके विपरीत, पिछले 11 वर्षों में भारत की कार्पोरेट्स का कुल 16.61 लाख करोड़ रुपये का बकाया ऋण बट्टे खाते डाल दिया गया (केवल 16 प्रतिशत की वसूली हो पाई)। भारतीय बैंकों ने पिछले पांच वर्षों में इन कंपनियों पर चढ़े कर्ज में 10.6 लाख करोड़ रुपये माफ करने से पहले दूसरी बार नहीं सोचा। रिपोर्टों का कहना है कि बकाया ऋण में 50 प्रतिशत देनदारी बड़ी कंपनियों की है। लेकिन जब बारी किसानों की आए, तो कर्नाटक के शिमोगा में एक बैंक ने एक छोटे किसान को खाता बराबर करने के वास्ते बहुत तत्परता दिखाई, जिसे केवल 3.46 रुपये का बकाया चुकाने के लिए नियमित बस सेवा के अभाव में 15 किमी पैदल चलकर आना पड़ा! अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में, बैंकों ने कंपनियों के 1.7 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं। एक साल पहले, 2022-23 में, बैंकों ने 2.08 लाख करोड़ रुपये माफ किए थे। लेकिन जब बात कृषि ऋण माफ करने की आए, तो केंद्र ने ऐसा केवल दो बार किया है वर्ष 1990 और 2008 में। कुछ राज्य सरकारों ने इसे अलग से किया है, लेकिन यह बैंकों पर बोझ नहीं है, क्योंकि माफ की गई राशि का भुगतान उन सूबा सरकारों ने किया। जहां एक ओर कंपनियों का बकाया ऋण बड़ी दरियादिली से माफ कर दिया जाता है, मानो इस माफी से राष्ट्र निर्माण में मदद मिलती हो, वहीं दूसरी ओर एक महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सदस्य को 35,000 रुपये वापस करने में असमर्थता के कारण प्रतीक्षारत पुलिस वैन में घसीटकर ले जाने जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि केवल गरीब किसान और ग्रामीण श्रमिक की छोटी-मोटी ऋण गैर-अदायगी ही राष्ट्रीय खाते को बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि कर्ज न चुकाने वाले अमीरों को आसानी से राहत मिल जाती है। इन अमीर डिफॉल्टरों में 16,000 से अधिक जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वाले भी शामिल हैं, जिन पर बैंकों के 3.45 लाख करोड़



रुपये बकाया हैं। जिनके बारे में आरबीआई ने भी माना है कि उनके पास पैसा था, लेकिन वे चुकाने को राज़ी न थे। अब राजस्थान के पीलीबंगा के इस किसान के मामले को लें। उन्होंने एक फाइनेंस कंपनी से 2.70 लाख रुपये का कर्ज लिया और 2.57 लाख रुपये (महामारी के दौरान राज्य सरकार से प्राप्त 57,000 रुपये की सहायता राशि समेत) वापस कर दिए। लेकिन शेष राशि चुकाने में असमर्थ रहा, एक दिन जब वह घर वापस आता है तो पाते हैं कि घर पर उक्त लेनदार ने ताला जड़ दिया। बाद में, आक्रोशित ग्रामीणों ने ताला तोड़ा। अब इस अप्रिय घटना को उस 92 प्रतिशत 'हेयर-कट' (ऋण अंश माफी) के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जो बैंकों और उधारदाताओं ने कर दिखाया, जब पूर्वी भारत में मिश्रित धातु और इस्पात के एक प्रमुख निर्माता 'आधुनिक मेटैलिक्स' की तरफ बकाया 5,370 करोड़ रुपये के मामले में जुलाई, 2018 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की कोलकाता शाखा ने 'समाधान प्रस्ताव' को मंजूरी देते हुए केवल 410 करोड़ रुपये की अदायगी की एवज में मामला रफा-दफा कर दिया।

जाहिर है, इतने बड़े 'हेयरकट' (कर्ज माफी) के साथ, कंपनी के प्रमोटरों ने कहा कि वे सभी गतिविधियों को पूरा करने और इस अग्रणी कंपनी को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम शुरू करेंगे। कोई आश्चर्य नहीं, एक समय परिवर्तनकारी समाधान तंत्र के रूप में प्रशंसित दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी)- संदेह के घेरे में आ गई है और बैंक अब वसूली के लिए इसका उपयोग करने के लिए उत्साहित नहीं हैं। रिपोर्टें बताती हैं कि बैंकों और अन्य उधारदाताओं की वसूलियां कम हो रही हैं। हालांकि, बड़ा सवाल बना हुआ है। यदि राजस्थान के एक किसान के घर पर महज 20,000 रुपये की शेष राशि चुकता न किए जाने पर ताला जड़ा जा सकता है, तो एनसीएलटी बकाया कर्ज का 92 प्रतिशत माफ करके आराम से निकल जाने का मौका देने की बजाय 'आधुनिक मेटालिक्स' जैसी फर्मों के परिसर की तालाबंदी क्यों नहीं की जाती और किसानों की तरह इसके मालिकों को भी सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता? यदि किसी बड़ी कंपनी के लिए बड़ा 'हेयरकट' जरूरी है, तो किसानों को भी इस किस्म की नीति का लाभ क्यों नहीं मिलना चाहिए और वह भी अपेक्षाकृत छोटे-छोटे ढंग से? आखिरकार, उनका व्यक्तिगत बकाया कर्ज कॉर्पोरेट के अनचुके ऋणों का अंश मात्र भी नहीं हैं। इसके अलावा, बैंक ग्राहकों की विभिन्न श्रेणियों के लिए बैंकिंग कानून अलग-अलग क्यों हों? क्या बैंक कभी आवास, कार, ट्रैक्टर या मोटरबाइक ऋण लेने वालों के साथ भी उस तरह का नरम व्यवहार करते हैं जैसा कि कॉर्पोरेट्स के साथ करते हैं? बैंक कब तक कंपनियों की तरफ बकाया ऋणों को अपने सिर पर लेने की आवश्यकता को उचित ठहराते रहेंगे, वह भी आर्थिक विकास के नाम पर? जब सोशल मीडिया पर किसानों के दर्दनाक वीडियो देखे जाते हैंङ्कजैसा कि पंजाब और हरियाणा में उत्पाद के सही दाम न लगने पर मायूस किसानों द्वारा फूलगोभी और पत्तागोभी की अपनी खड़ी फसलों को ट्रैक्टर से कुचलते देखा और जिस तरह हाल ही में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में किसानों को टमाटर की गिरी कीमतों का सामना करते पाया, तब 2018-19 के बजट में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों को स्थिर बनाए रखने के वास्ते 500 करोड़ रुपये का प्रावधान कर शुरू की गई 'ऑपरेशन ग्रीन्स' नामक योजना की याद आती है। जहां हर कोई इस बात से सहमत है कि कोल्ड चेन के नेटवर्क सहित कृषि बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश किसान के नुकसान को कम करने में मददगार हो सकता है, वास्तविकता यह है कि 'ऑपरेशन ग्रीन्स' सब्जियों की कीमतों को स्थिर करने में बुरी तरह विफल रहा है। एक कारण यह हो सकता है कि इस योजना को उचित वित्तीय सहायता नहीं मिल पा रही है। यह तथ्य इस मद्देनजर गलत है कि दिसंबर, 2023 में, एनसीएलटी दिवालिया हुई रिलायंस कम्युनिकेशंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आरसीआईएल) के उस प्रस्ताव को मंजूर करे, जिसमें वादी बकाया ऋण का 99 प्रतिशत माफ करवाकर पल्ला झाड़ निकल ले। वर्ष 2018-19 में 'ऑपरेशन ग्रीन्स' के लिए रखे 500 करोड़ रुपये के मुकाबले, 47,251.34 करोड़ रुपये की कर्जाई आरसीआईएल को एनसीएलटी ने सिर्फ 455.92 करोड़ चुकाने करने का निर्देश देकर आराम से निकल जाने दिया। इसकी बजाय, अगर यह राशि वसूल की जाती 'ऑपरेशन ग्रीन्स' में निवेश की जाती, तो फलों और सब्जियों की कीमतों को स्थिर करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं होती।

**(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# मौसम के रस-रंग: सर्दी में गर्मी बढ़ाएगी मुसीबत

■ कुमार रहमान

बि: इस बार न हेमंत ऋतु में सर्दी पड़ी और न शिशिर यानी शीत ऋतु का ही असर रहा। फरवरी जहां सर्दी का मौसम होता था, इस बार लोग-बाग दिन में बिना स्वेटर और जैकेट के घूम रहे हैं। धूप अच्छी नहीं लग रही है। दिन गर्म हैं और रातें मुकाबले में थोड़ी सर्द। दिन में कभी सामान्य हवा चलती है तो कभी सर्द। इससे तापमान फ्लैक्चुएट हो रहा है। नतीजे में न सिर्फ मन और शरीर पर असर पड़ रहा है, बल्कि फसलों को भी नुकसान हो रहा है। इस बार बारिश भरपूर हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पिछले साल जैसी ही अच्छी सर्दी पड़ेगी। फरवरी 2024 में भरपूर ठंड रही थी तो इस अनुमान पर सभी को भरोसा था। सर्दी को लेकर लगाया गया कयास गलत साबित हुआ। दिसंबर भी उतना सर्द नहीं रहा, जितना कि होना चाहिए था। दिसंबर में न ज्यादा कोहरा पड़ा और न शीत लहर ही चली। कई बार तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। बरेली कॉलेज में पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष डॉ. एपी सिंह कहते हैं कि इस बार विंटर रेन नहीं हुई। इसकी वजह से मौसम अभी से गर्म है। आम तौर पर दिसबंर और जनवरी में बारिश होती थी। कई दिनों तक होने वाली इस बारिश से न सिर्फ जमीन नम हो जाती थी, बल्कि वातावरण में भी नमी




रहती थी। इस नमी की वजह से कोहरा और पाला बना रहता था। इस बार इनवारयमेंट में डिस्टर्बेंस रहा। इससे मौसम का मिजाज अभी से बदल गया है। बारिश की साइकिल आगे बढ़ी है। अब जून की जगह जुलाई में बारिश शुरू होती है। इसके समकक्ष जाड़े का मौसम आगे नहीं बढ़ा, बल्कि गर्मी जल्दी आ गई। फरवरी में ही गर्मी जैसा आभास हो रहा है। इन दिनों 25 से 28 डिग्री तक तापमान चल रहा है। 20 फरवरी के बाद और ज्यादा तापमान बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक मान रहे हैं कि मार्च में ही तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। डॉ. एपी सिंह कहते हैं कि जनवरी सामान्य से ज्यादा गर्म रही। इस लिहाज से लग रहा है कि लोगों को मार्च में ही मई जैसी गर्मी झेलनी पड़ सकती है। अगर अब भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाता है तो बारिश हो सकती है। इससे सर्दी का असर बढ़ सकता है। वरना गर्मी का बढ़ना तय है।

दिसंबर में तापमान न गिरने और फिर फरवरी में ही गर्मी जैसा मौसम हो जाने का सबसे बुरा असर खेती पर पड़ा है। सरसों जैसी फसलों में वक्त से पहले फूल आ गए। इसकी वजह से फलियां भी कम हुई हैं। विंटर रैन न होने से फसलों में रोग की संभावना भी बढ़ी है और फसली कीड़ों की पैदावार भी। एशिया के सबसे बड़े संस्थान इंडियन वैटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. रणजीत सिंह कहते हैं- इस बार दिसंबर से ही तापमान ज्यादा रहा। इससे खेतों में पौधे ज्यादा बड़े नहीं हो पाए। अधिक तापमान से अभी भी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस बार रबी की फसलों में कल्ले कम आए हैं। राई और सरसों के पौधों में वक्त से पहले फूल और बालियां आ गई हैं। मौसम के इस बदलाव की वजह से गेहूं की पैदावार भी कम होगी। इस दफा पैदावार 20 किलो प्रति बीघा कम होने का अनुमान है। डॉ. रणजीत सिंह ने बताया कि मौसम के इस बदलाव से फसलों में रोग आने की संभावना भी बढ़ गई है। पौधों में खर्रा रोग होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। माहू, चेपा, भुनगा, थ्रिप्स जैसे कीड़ों की पैदावार बढ़ जाएगी। थ्रिप्स प्याज-लहसुन के लिए नुकसानदेह है।हवा में नमी रहने और तापमान अचानक बढ़ जाने से पौधों की डंडी सूखने लगती है। इससे फसलों को नुकसान होता है। तापमान बढ़न से आलू के पौधे भी ज्यादा बड़े नहीं हो सके। इससे आलू की साइज भी छोटी रह जाएगी। उन्होंने कहा कि तापमान का उतार-चढ़ाओ पौधों में बीमारियों को जन्म देता है और पौधों का रस चूसने वाले कीड़े बहुत बढ़ जाते हैं। सामान्य तौर पर देखा जाए तो मौसम के बदलाव के हिसाब से लोग लाइफ स्टाइल चेंज कर लेते हैं। यह एक सामान्य बात लगती है, लेकिन बात बस इतनी भर नहीं है। मौसम का यह बदलाव पूरे पर्यवारण के लिए खतरनाक है। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। पर्यावरण एक्टिविस्ट शंभू दयाल कहते हैं कि तेजी से बदल रहे पर्यावरण पर सरकार से लेकर अवाम तक, सभी को चिंता करने की जरूरत है। तमाम सरकारी एजेंसीज हैं जो पर्यावरण के लिए काम कर रही हैं, लेकिन उनका प्रॉसेस बहुत स्लो है। वक्त की जरूरत है कि इसमें तेजी लाई जाए। एक दिन यह विकराल समस्या बनकर सामने खड़ी होगी, तो संभालना मुश्किल होगा। इस बदलाव को कोई भी गंभीरता से नहीं ले रहा है, वरना इसे सुधारा जा सकता है।

**(साभार: लेखक कृषि एवं खाद्य मामलों के विशेषज्ञ हैं।)**

## महाशिवरात्रि मेला : भोलेनाथ की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

# 80 हजार से अधिक भक्तों ने किए देवाधिदेव भगवान महादेव के दर्शन

**कठिन रास्तों से गुजरते हुए अपने आराध्य के दर्शन करने भक्त पहुंच रहे चौरागढ़ धाम**

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

शिवरात्रि मेले के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए चौरागढ़ दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अब तक 80 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ दर्शन कर चुके हैं, और शनिवार से मेला समाप्ति तक भीड़ के और बढ़ने की संभावना है। भीड़ के बेहतर प्रबंधन के लिए तथा श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाये जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी प्रतिपल मेले में नजर बनाये हुए हैं साथ ही निरंतर रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

### मेले में खोया पाया केंद्र सक्रिय, बिछड़े बच्चों एवं श्रद्धालुओं को परिजनों से मिलवाया

मेले के दौरान प्रशासन द्वारा बबलू जाटव, रामकुमार, रीना निकोले, मोरेश्वर हुड्डा और रूपाली को उनके परिजनों से मिलवाया गया, जो भीड़ के कारण अलग हो गए थे। प्रशासनिक कर्मचारियों की तत्परता से सभी को सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाया गया। इसी प्रकार चंचल साहू उम्र 9 वर्ष निवासी साडरी जिला छिंदवाड़ा अपनी मम्मी और परिवार से बिछड़ गई थी जिसकी वायरलेस से सूचना प्राप्त हुई बच्ची को उसकी मां रीना साहू और परिवार को पुलिस द्वारा जांच पड़ताल बाद सुपुर्द की गई। जिया उईके पिता पुरुषोत्तम उईके अपने पिता से बिछड़ गई थी जिसे डीपी प्वाइंट पर पुलिस द्वारा छानबीन कर पिता पुरुषोत्तम को सुपुर्द किया गया।



### संत शिरोमणी श्रीराम जी बाबा मेले में कार्यक्रमों की धूम, रविवार को होगा कवि सम्मेलन

नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा आयोजित संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले में प्रतिदिन रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, राजस्व सभापति निर्मला हंस राय के मार्गदर्शन में एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में किया जा रहा है। मेला प्रभारी योगेश सोनी ने बताया कि 23 फरवरी को एनएमवी कालेज ग्राउंड में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता होगी तो वहीं शाम को मेला मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। श्री सोनी ने बताया कि प्रतिदिन मेले स्थल पर सफाई कराई जा रही है। ग्राउंड पर पानी का छिड़काव कर धूल को नियंत्रित किया जा रहा है। शनिवार को मेला मंच पर आर्केस्ट्रा नाइट का आयोजन हो रहा हैं। जिसमें सारेगामा फेम इंडियन आइडिल वैशाली रैकवार अपनी प्रस्तुति देंगी। मेला व्यवस्थापक गौरव वर्मा ने रविवार 23 फरवरी को मेला मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के ख्यातीनाम कविगण अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेले में आमंत्रित कविगण अजातशत्रु उदयपुर, प्रताप फौजदार इंडियाज लाफ्टर चैलेंज विननर दिल्ली, कवियत्री डॉ भुवन मोहिनी टीवी सेलेब्रेटी इंदौर, दिनेश देशी घी हास्य धमाका फेम शुजालपुर, कवियत्री डॉ शुभम त्यागी, मेरठ, देवेंद्र आग, इटावा और रोहित झन्नाट, इंदौर अपनी प्रस्तुति देंगे। गुरुवार देर रात क मेला मंच से अक्षता सिंह ने भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं भक्ति गीतों पर उपस्थित श्रोतागणों ने जयकारे लगाए।

### मेले में सजी 250 दुकानें, भक्तों की खरीदारी जारी

महादेव से चौरागढ़ तक लगभग 250 दुकानें सजी हैं, जहां चाय, नाश्ता, पूजा सामग्री, टिकली, बिंदी, चूड़ी, भोजन आदि की बिक्री जोरों पर है। श्रद्धालु इन दुकानों से अपनी जरूरतों की वस्तुओं की खरीदारी भी कर रहे है। कई लोगो को इस दौरान रोजगार भी प्राप्त हुआ है। पूरे दिन श्रद्धालु चौरागढ़ मंदिर की चढ़ाई व दर्शन करते रहे एवं यह सिलसिला रात भर भी ऐसे ही चलता रहा।

### प्रशासनिक निरीक्षण और व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

महादेव मेला समिति की सचिव श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने अस्थाई बस स्टैंड एवं बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर दुकानदारों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रकाश, सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।अतिरिक्त दंडाधिकारी श्री डी.के. सिंह और श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने केंट क्षेत्र में स्थित साडा धर्मशाला का निरीक्षण किया, जहां 500 से अधिक श्रद्धालु ठहरे हुए हैं। उन्होंने सीईओ साडा को पानी, शौचालय और प्रकाश की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ड्यूटी में लापरवाही पर 9 कर्मचारियों को नोटिस

मेले के दौरान अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए 9 कर्मचारियों पर अतिरिक्त दंडाधिकारी नर्मदापुरम द्वारा कार्यवाही कर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। महाशिवरात्रि मेले के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अनुकंपा के पात्र हितग्राहियों को कलेक्टर ने नियुक्ति पत्र बांटे



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

शासकीय सेवा में रहते हुए दिवंगत हो चुके शासकीय सेवकों के आश्रितों को योग्यता अनुसार कलेक्टर सोनिया मीना ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये।

प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय एसएनजी उ.मा.वि., नर्मदापुरम की माध्यमिक शिक्षक श्रीमती रेशमा मसीह के शासकीय सेवा में रहते हुए निधन के उपरांत उनके आश्रित पुत्र अभिषेक मसीह को जिला राजस्व स्थापना के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्हें आगामी आदेश तक सामान्य निर्वाचन शाखा, नर्मदापुरम में पदस्थ किया गया है।

इसी प्रकार, शासकीय माध्यमिक विद्यालय सनखेड़ा, विकासखंड केसला के भृत्य स्वर्गीय लालता प्रसाद यादव के निधन के पश्चात उनके आश्रित पुत्र हरि नारायण यादव को जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तवा नगर, विकासखंड केसला में भृत्य के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया है।



### महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था करने पर डिप्टी सीएम पाठक को धन्यवाद दिया

**नर्मदापुरम।** नगर की प्रखर समाज सेविका व भारतीय जनता पार्टी की कर्मठ कार्यकर्ता प्रेमलता तोमर ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए दी जा रही विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए धन्यवाद दिया।इस दौरान उनके साथ शिक्षाविद डॉ.मयंक तोमर भी रहे।

## 10 किलो गांजा सहित कार एवं मोटर सायकल जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार !

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



अवैध मादक विक्रय पर कार्यवाही करने के निर्देश पर हंडिया की पुलिस टीम द्वारा 10.5 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 01 लाख 26 हजार रुपये व 02 मोटर सायकल, 01 कार, तीन एंड्राइड मोबाइल जप्त किया। जिसकी कुल कीमत 4,66,000 रूपये है। पुलिस द्वारा तीनो आरोपियो गिरफ्तार किया गया.बाद आरोपियो के विरूध्द एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार पर मुखबिर व्दारा सूचना पमिली थी कि दो व्यक्ति अबैध रूप से मादक पदार्थ गांजा खरीदने बैचने के लिए ग्राम जोगा साल्याखेडी के रास्ते बैक वाटर के पास जंगल में खडे है। इस पर हंडिया पुलिस द्वारा टीम गठित कर विवेचना सामग्री के साथ रवाना होकर मुखबिर व्दारा बताये गये स्थान साल्याखेडी रोड ग्राम जोगा बैंक वाटर पास जंगल में मूखबिर की सूचना पर उक्त स्थान पर प्लेटीना मोटर साइविल व दूसरा अल्टो कार के अलावा एक अन्य बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने कोशिश करने लगे जिन्हे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

तीनो व्यक्तियो को अभिरक्षा मे लेकर नाम पता पूछा अपना नाम राकेश, आबिद और बहीद बताया।तीनो आरोपियो के कब्जे से 10 किलो 500 ग्राम गाजा कीमती 126000 रूपये का जप्त कर घटना मे प्रयक्त वाहन 2 मोटर सायकल व 1 कार इलेक्ट्रानिक तौल काटा व तीन नग एनराईड मोबाईल कुल मशरूका 4,66,000 रू जब्त किया गया।

## मवेशियों की मौत पर गौशाला संचालन कर रहे समूह पर एक्शन

**■ लोगों का आरोप कि मवेशियों की मौत भूख के कारण हुई**

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

हर्रई सिंगौरगढ की गौषाला में दो मवेषियों की मौत होने के कारण लोगो ने आरोप लगाया कि भूख के कारण इन मवेषियो की मौत हो गई है। जिस कारण एसडीएम सौरंभ गंधर्व एवं जनपद सीईओ मनीष बागरी अपनी टीम के साथ गौषाला की जॉच करने पहुंच गए। जिन्होंने तत्काल मृत गौवंष का पोस्टमार्टम कराने का आदेष दिया साथ ही वर्तमान में गौषाला संचालन कर रहे स्वसहायता समूह का अनुवंध निरस्त करने के आदेष जारी कर दिए गए।

ज्ञात हो कि हर्रई सिंगौरगढ की गौषाला में जॉच के दौरान अनेक अनिमितताए पाई गई है। जैसे पानी की कमी के अलावा साफ सफाई नहीं होने के कारण गंदगी पाई गई है। जिस कारण



गौषाला के अधिकतर मवेषियों की चमड़ी में रोग होना पाया गया है। जिस कारण पषु चिकित्सा की टीम के द्वारा मवेषियों को टीकाकरण किया गया है। साथ ही एसडीएम सौरभ गंधर्व ने पषु चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद सीईओ से मवेषियों की मौत पर जॉच प्रतिवेदन मांगा गया है। साथ ही दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए कहां गया है। इसके अलावा जनपद सीईओ मनीष बागरी ने कहां है कि मृत मवेषियों में एक मवेषी को अभी 4 दिन पहले ही गौषाला में लाया गया था जिसकी हालत खराब थी। साथ ही गौषाला में मवेषियों के खाने के लिए गोदाम में पर्याप्त भूसा भरा हुआ है। लेकिन कुछ अव्यवस्था पाई गई है। जिसको लेकर गौषाला का संचालन कर रहे समूह का अनुवंध निरस्त कर अलग किए जाने का आदेष जारी किया गया है। जब तक नए समूह का अनुबंध नही होता है तब तक ग्राम पंचायत ही गौषाला का संचालन करेगी।

पषुचिकित्सा अधिकारी हरिकांत विल्वार ने बताया है कि मेरे द्वारा आरआई एवं पटवारी के समक्ष दोनो मवेषियों का पोस्टमार्टम किया है। जिनके पेट में पर्याप्त भोजन था। मवेषियो की मौत भूख से नहीं हुई है। दोनो पषुओं की मौत सामान्य हुई है। मवेषियों में फैलने बाली बीमारी जैसे इल्ली लगना, जुआं हो जाना जिससे मवेषी कमजोर हो जाते है। इसके अलावा खुर पक जाना जैसे बीमारियां होती है। जिनका समय समय पर इलाज किया जाता है। अभी खुर पक जाने के इंजेक्षन लगाए थे। इसके अलावा मैं स्वयं हर माह प्रत्येक गौषाला का निरीक्षण करता हॅू। इसके अलावा विभाग का अमला भी सप्ताह में एकबार निरीक्षण करता है। निरीक्षण के दौरान मवेषियो के चरने के लिए पर्याप्त भूंसा है कि नही विषेष तोर पर देखा जाता है।

### 5 मार्च को सिवनी मालवा में आयोजित होगा युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला

**नर्मदापुरम।** मप्र शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास विभाग एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 5 मार्च को शास. कुसुम पीजी कॉलेज, सिवनी मालवा में आयोजित होगा। मेले में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी मिल सके।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने लगाया विशेष आवासीय शिविर

**सिवनीमालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनीमालवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम चतरखेड़ा में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मागदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी काजल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा प्रात: प्रभात फेरी निकाली गई एवं तत्पश्चात योग का अभ्यास कराया गया।स्वयंसेविकाओं द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं को अध्ययन एवं अध्यापन कार्य करवाया गया।डॉ.भीम राव आंबेडकर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनीमालवा डॉ.गरिमा धनवारे एवं आदिल खान उनकी समस्त टीम द्वारा ग्रामवासियों एवं शिविर स्वयंसेविकाओं का नि:शुल्क चेकअप किया गया एवं दवाई वितरण की गई। इसके पश्चात दोनों ही डॉक्टर्स द्वारा उपस्थित सभी को शासन की बाल दस्तक अभियान एवं महिला संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान रासेयो जिला संगठक डॉ.डीएस.खत्री द्वारा शिविर का औचक निरीक्षण किया गया।

### अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम के सभी सदस्यों ने शुक्रवार को अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 के विरोध में कार्य से विलग रहें द्य अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि अधिवक्ताओं के दमन के लिए केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन बिल 2025 लाया जा रहा है द्य

जो कि अधिवक्ताओं एवं जनता के हितों के प्रतिकूल हैद्य केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को अनुचित ढंग से अधिवक्ताओं के विपरीत प्रावधान इस प्रस्तावित बिल से जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है द्य अधिवक्ता समाज के अधिकारों का सजग प्रहरी है द्य बिल संशोधन के नाम से अधिवक्ताओं के अधिकारों का ही दमन का प्रयास किया जा रहा है द्य जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम अध्यक्ष दीपक जैन के नेतृत्व में सभी सदस्यगणों द्वारा उक्त संशोधन बिल का पुरजोर विरोध दर्ज कराते हुए

महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत को सौंपा गया। इस दौरान संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, बीके चौहान, जीआर सराठे, मोरसिंह चौहान, सुशील गोयल, राजीव दुबे, अजय तिवारी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, राकेश तिवारी, सतीश दीक्षित, राजेंद्र मिश्रा, नीतेश गौर, संघ उपाध्यक्ष मनोज यादव, सहसचिव क्षमा चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, ग्रंथपाल पीडी चौरे, कार्यकारिणी सदस्य सीके कुरापा, प्रकाश कुशवाह, दीपक सोन, अभिषेक दीक्षित, सौरभ तिवारी के अलावा अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जागरुकता कार्यक्रम

नर्मदापुरम (ईएमएस)। शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना संचालन के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित कुमार डेहरिया और सहायक संचालक श्री व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेन्टर के द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी के द्वारा 181 महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टाप सेंटर की योजनाओं की जानकारी, महावारी स्वच्छता, pc&pndt act की जानकारी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं और महिलाओं को दी गई। कार्यक्रम में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आर डी बघेला ने आर सेटी की योजनाओं की जानकारी दी।

**मेट्रो एंकर** होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा जायज मांग पूरी कराएंगे, रेल मंत्री से मिलवाने का दिया आश्वासन

## सांसद ने ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के सदस्यों की भूख हडताल समाप्त करवाई

इटारसी, दोपहर मेट्रो

होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र से सांसद दर्शन सिंह चौधरी रात 9.30 बजे इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। स्टेशन पर वे प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर लॉवी के सामने भूख हडताल पर बैठे लोको पायलट व रनिंग स्टॉफ से मिलने पहुंचे थे। यहां ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आव्हान पर स्टॉफ भूख हडताल पर बैठा था। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने यहां उनकी भूख हडताल खत्म कराई। उन्होंने भूख हडताल पर बैठे एसोसिएशन के सदस्यों से कहा कि उनकी जो भी जायज मांगें होंगी वह रेल मंत्री से हल कराएंगे। इसके अलावा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल वे रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भी मिलवाएंगे। सांसद श्री चौधरी के आश्वासन के बाद यहां भूख हडताल खत्म हुई।

आपको बतां दें कि रेल लोको पायलटों की हडताल खत्म कराने के लिए सांसद स्टेशन पर ईवी ऑटो में बैठकर पहुंचे थे।



उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया लोगो रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार भारत के संपूर्ण लोको रनिंग स्टाफ देश भर की सभी 367 लावियों पर 36 घंटे के हंगर फास्ट पर भूखे रहकर स्वयं को कष्ट देकर रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत इटारसी में भी भूख हडताल चल रही थी। एसोसिएशन के नितिन श्रीवास ने बताया कि

जब सरकार छठवें पे कमीशन से निर्मित की गई एनामली को दूर नहीं कर रही और माइलेज का रेट 1 जनवरी 2024 से ट्रैवलिंग एलाउंस के सापेक्ष 25त्न बढ़ाकर नहीं दे रही है तब कोई भी कर्मचारी नियोक्ता से ना तो लड़ सकता है ना ही पकड़ धाकड़ करके अपने परिश्रम के पैसे का मूल्य प्राप्त कर सकता है।

ऐसी स्थिति में जब कर्मचारियों के सामने कोई विकल्प न हो तो वह स्वयं को कष्ट देकर भूखा रहकर गाड़ियों का संचालन करने के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# विजन डॉक्यूमेंट जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मिलकर करें तैयार : उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

ग्रामीण क्षेत्र में आगामी वर्षों में कौन-कौन से विकास कार्य होना चाहिए जिससे ग्रामीण क्षेत्र की सूरत बदले तथा होने वाले विकास कार्यों पर भी नजर रखने गुणवत्ता के साथ काम नहीं हो रहा है तो उसकी शिकायत अधिकारियों से इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए शिकायत के बाद अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं तो मुझे बताएं पर भ्रष्टाचार मुक्त विकास के काम हो इसकी भावना के साथ सभी कार्यकर्ता सक्रियता से अपनी भूमिका निर्वाह करके विकास में सहयोग करें भाजपा की समितियां का भी गठन होना है ।इसमें उन्होंने सभी वर्ग के लोगों को शामिल करने के साथ 30ः पढ़े लिखे युवाओं सम्मिलित करें पर विशेष जोर दिया उक्त बात भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने शुक्रवार को निजी गार्डन में देवपुर तथा चितावर मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक लेते हुए कहा कि अपनी अपनी पंचायत के सरपंचों से समन्वय स्थापित करके विकास का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करके विकास के लिए मुझे लिखित में दे वहां गांव हो चाहे मजरा टोला हों हमें सबका विकास करना है। विधायक ने आगे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पर्व में हमनें संगठन की सदस्यता का





अभियान बूथ स्तर पर आयोजित किया था। मंडल अध्यक्षों का चयन हो चुका हैं, अब हमको सभी जाति बिरादरी की सहभागिता से भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करने वाली मंडल कार्य समितियों का करना है। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं के साथ मंडल अध्यक्ष गण सक्रिय कार्यकर्ताओं का चयन कर सक्रिय कार्यसमिति का गठन करने का काम करना है मंडल कार्यसमिति में तीस प्रतिशत पढ़े लिखे युवाओं की सहभागिता हमे कराना है। युवा मोर्चा सहित पिछड़ा, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति मोर्चाओं में 18 से 25 वर्ष के युवा जुड़े ऐसा आव्हान प्रदेश संगठन ने किया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शिक्षित और टेलेंट वाले युवाओं को सक्रिय राजनीति से जोड़ने का आव्हान किया है।

उन्होंने ने भाजपा के



जनप्रतिनिधियों से कहा कि ढाई साल का कार्यकाल निकल गया है आने वाले समय में विकास को गति देने की आवश्यकता है। निर्माण कार्यों की अनियमितताओं की शिकायत लिखित में अधिकारियों से करें। गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए किसी के प्रभाव में समझौता करने की जरूरत नहीं है नल जल योजना से लेकर अन्य विकास कार्यों में गंभीर लापरवाही के साथ भ्रष्टाचार करके काम करने की शिकायत है जो विशेष नजर रखकर उनकी शिकायत है विशेष रूप से करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में गोपालन तथा गौरक्षा के लिए अगले वर्ष से दूध खरीदने की योजना बनाई है। हमने भी एक हजार गायों के पालन के लिए जनसहयोग से ग्राम जलालपुर में विशाल गौशाला का निर्माण किया है। लटेरी में गौ अभ्यारण बनाने की योजना प्रस्तावित है। मोदी जी के नेतृत्व में 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए डबल इंजन की सरकार के माध्यम से जनता के हित में जो बेहतर काम होंगे उनको तेज गति से करने का हम प्रयास लगातार कर रहें हैं । सिरोंज लटेरी क्षेत्र को स्वर्णिम बनाने का जो सपना पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने संजोय था उसको हम आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं इसमें सभी अपना सहयोग दें। बैठक का संचालन जितेंद्र बघेल ने किया। इस दौरान महेंद्र सिंह दांगी, कैलाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी,चरण सिंह राजपूत,पूर्व जनपद अध्यक्ष संजीव माथुर,हमीर सिंह यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जैन ऑप्टिकल्स पर नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन का शिविर आयोजित



# आँख एवं दांतों के रोगियों ने लिया लाभ, जांच करके निशुल्क दवाएं भी दीं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा के लोहा बाजार स्थित जैन ऑप्टिकल्स पर नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन शाखा द्वारा पीएम एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नंदवाना के तत्वावधान में आँख एवं दंत रोग परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ मक्खन लाल जैन द्वारा स्कूली बच्चों आंखो को परीक्षण किया गया। साथ ही दंत रोग विशेषज्ञ डॉ मोहित जैन बच्चो के दांतो का परीक्षण किया गया। साथ ही जरुरतमंद बच्चों को निःशुल्क दवा व चश्मो का वितरण किया गया। इस मौके पर शिविर के दौरान संस्था के सचिव डॉक्टर हेमंत विश्वास द्वारा बच्चों को ब्रश करने के तरीके एवं रात्रि को सोते समय ब्रश करने की अनिवार्यता को बताया गया। तो वही संस्था अध्यक्ष डॉ अनिल अग्रवाल द्वारा बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु स्कूल की रसोई बनाने वाली महिलाओं को सब्जियों को अच्छी तरीके से साफ करने एवं उन्हें गर्म पानी से धोकर रसायन मुक्त करने हेतु समझाई दी गई। उक्त शिविर में नीमा के अध्यक्ष डॉ अनिल अग्रवाल,सचिव डॉक्टर हेमंत विश्वास,ऑप्टोमेट्रिस्ट शोभित जैन,स्कूल प्रभारी श्रीमती कल्पना आर्य,श्रीमती रचना आर्य,श्रीमती प्रतीक्षा भार्गव, श्रीमती हरि अहिरवार ,श्रीमती सविता परिहार आदि विघालय परिवार उपस्थित रहा।

### कुरवाई एसडीएम का दायित्व नितिन कुमार जैन को

सिरोंज। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने एक नवीन आदेश जारी कर कुरवाई उपखण्ड अधिकारी, उपखण्ड मजिस्टेऊट का दायित्व डिप्टी कलेक्टर नितिन कुमार जैन को आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि संयुक्त कलेक्टर व कुरवाई एसडीएम मनोज कुमार प्रजापति की सेवाएं तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त राज्य शिष्टाचार अधिकारी के पद हेतु शिष्टाचार कार्यालय में प्रति नियुक्ति पर सौंपे जाने के फलस्वरूप श्री प्रजापति को शुक्रवार 21 फरवरी की पूर्वान्ह नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने हेतु भारमुक्त किया गया है।

# जिले के विकासखंडों में एक-एक गांव वृंदावन ग्राम योजना के लिए चयनित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत विदिशा के सातों विकासखंड में एक-एक वृंदावन ग्राम का चयन किया गया है। वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम में बुनियादी सुविधाएं जैसे जल की आपूर्ति, भूसा-चारा सड़क इत्यादि उपलब्ध कराया जाना है। चयनित ग्राम पंचायत या ग्राम की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका होगी। योजना के क्रियान्वयन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, वन विभाग, ऊर्जा विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

इस योजना के तहत विदिशा विकासखंड की ग्राम पंचायत अहमदपुर, नटेरन विकासखंड की ग्राम पंचायत बिछिया, कुरवाई विकासखंड का मॉडल ग्राम बरखेड़ा लायरा, बासौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत गमाखर, लटेरी विकासखंड की ग्राम पंचायत मुरारिया, ग्यारसपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी और सिरोंज विकासखंड की ग्राम पंचायत अमीरगढ़ चयनित हुए हैं।

वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत को विभिन्न रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा गौ वंश एवं गौ उत्पादन के महत्व को बढ़ावा देना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इस योजना में कई कंपनियां अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत पशु संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। वृंदावन ग्रामों में चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन करने के लिए एवं वृंदावन ग्राम बनाने के लिए योजना के प्रावधान अनुसार संबंधित विभागों से प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना तैयार की जाने की कार्यवाही भी गतिशील है।

### शम्स बने मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला उपाध्यक्ष



सिरोंज।आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के चेयरमैन अली जनाब हाफिज अहमद खुर्रम के निर्देश अनुसार चैधरी मुशाहिद अली मुशी, की अनुशंसा पर आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी विदिशा के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने सिरोंज के युवा समाज हाफिज शम्स कमर को समाज में सक्रियता को देखते हुए आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी विदिशा जिले का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर मित्रो ने बधाई दी बधाई दी है।

# डीएलसीसी बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश- वित्त पोषण की कार्यवाही मासांत तक पूरी करें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई थी। उन्होंने हितग्राहियों मूलक योजनाओं के आवेदनो में वित्त पोषण की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों को सचेत करते हुए कहा कि फरवरी माह के अंत तक लक्ष्यों के अनुसार वित्त पोषण की शत प्रतिशत कार्यवाही पूरी करें। वित्तीय वर्ष का मार्च माह विभिन्न कारणो से विभागो के अधिकारी व बैंकर्स व्यस्थ हो जाते है। अतः इस व्यस्थता में बैठक जैसी दखल से व्यवधान ना हो इसके लिए 28 फरवरी तक तमाम योजनाओं के लक्ष्यों में सौ प्रतिशत वित्तीय पोषण की कार्यवाही करें। जिस बैंक के द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जाएगी। उनके खिलाफ विभिन्न प्रकार के मामले दर्ज किए जाएंगे और उनके वरिष्ठ कार्यालय को शाखा प्रबंधक की कार्यप्रणाली को रेखांकित करते हुए कठोर कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए जाएंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बैंको के बार-बार चक्कर नहीं लगाना चाहता है। बैंकर्स इसे प्रतिष्ठा इशु ना बनाए। बहुत जरूर पड़ती है तो एक ही बार हितग्राही को बुलाकर तमाम जानकारियां पूरी कर ली जाएं। जिससे बैंकर्सो के प्रति हितग्राहियों में विश्वास की वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणो में स्वीकृति प्रदाय की गई है और अब तक वित्त पोषण की कार्यवाही क्यों नहीं की गई कि जानकारियां लीड़ बैंक आफीसर को लिखित में अवगत कराएंगे।



कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न प्रकार के बीमा जैसे पीएमजेजेबीवॉय, पीएमएसबीबाय और पीएमजेडीवाय से कोई भी बैंक खाताधारक वंचित ना रहें। उक्त योजनाओं के तहत बीमा की छोटी सी प्रीमियम राशि स्वयमेव बैंक खाते से काटी जा सकती हैं अतः बीमा की इस योजना से कोई भी वंचित ना रहें। उन्होंने कहा कि जिले में जिन भी हितग्राहियों को योजनाओं के तहत वित्त पोषण की कार्यवाही की जा रही है, पीएम आवास योजना, पात्रतापर्ची धारक, लाड़ली बहना के अलावा अन्य शासकीय योजनाओं से लाभांवित होने वाले सभी हितग्राहियों का बीमा अनिवार्य रूप से हो।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी बैंकर्सो में बीमा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि स्टेडिंग, फ्लैक्स ऐसे स्थलों पर लगाए जाएं जहां अधिक से अधिक नागरिकों की आवाजाही होती है।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि बैंको में हितग्राहियो के आवेदनो को जमा करने तक सीमित ना रहें बल्कि उन आवेदनों पर अब तक क्या कार्यवाही बैंको के द्वारा की गई है के अपडेट प्राप्ति हेतु सतत सम्पर्क बनाए रखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यों पर विशेष बल देते हुए क्रियान्वित कार्यों समीक्षा की है। निर्धारित पैरामीटर अनुसार पात्रता रखने वाले कारीगरों को इसका लाभ मिले वह अपना बिजनेस प्रारंभ कर सकें और उसे स्किल कर सकें। इस हेतु योजना में लाभान्वितों को ऋण मुहैया कराया जाएगा। बैठक में उन्होंने आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट योजना, भगवान बिरसा मुंडा योजना, टंट्या मामा स्वरोजगार योजना समेत विभिन्न स्वरोजगार हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा की है।

कलेक्टर श्री सिंह ने पीएमजेजेबीवाय, पीएमएसबीवाय सहित अन्य बीमा योजनाओं की क्रियान्वयन स्थिति का भी जायजा लिया है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए निर्देश दिए हैं साथ ही इन योजनाओं में हितग्राहियों को प्रतिवर्ष रिन्यूअल के कार्यों के लिए संबंधित बैंकों के बीसी को इस कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में स्व सहायता समूहो को दिए जाने वाले क्रेडिट लीकेंज (सीसीएल की प्रगति), मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना इत्यादि शामिल है।

लीड़ बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा बरेठ बासौदा का स्थान परिवर्तन कर उदयपुर में शाखा प्रस्तावित करने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई है। बैठक में पोर्टल पर दर्ज लंबित आरआरसी, सीएम हेल्पलाइन शिकायतो की भी समीक्षा की गई है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, आरबीआई के एलडीओ श्री नवनीत तिवारी, नाबार्ड की जिला प्रबंधक श्रीमती जसप्रीत कौर के अलावा समस्त बैंकर्स प्रतिनिधि व विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में लीड़ बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल के द्वारा पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयो के पालन प्रतिवेदन की जानकारियां भी प्रस्तुत की गई वहीं बैठक में जो भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है उनका बैंकर्स प्रतिनिधि समय सीमा में क्रियान्वित कर बैंक व जिले की ख्याति में वृद्धि करेंगे से आश्वस्त कराया है।

**मेट्रो एंकर** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और उद्यमिता विकास केंद्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न

# 20 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ, विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और उद्यमिता विकास केंद्र (सेडमैप) भोपाल (मध्य प्रदेश)के संयुक्त सहयोग से ष्व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कला एवं कंप्यूटर स्किलष् पर 21 फरवरी 2025 से 20 मार्च 2025 तक 20 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है।

कार्यक्रम मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एस आर तिवारी सेडमैप विदिशा जिला समन्वयक श्री दिनेश गावड़े एवं सभी शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर







कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री दिनेश गावड़े , प्राचार्य एस आर तिवारी और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सी एस मौर्य, डॉक्टर रूबी ताम्रकार, प्रोफेसर कल्पेश चैधरी, प्रोफेसर वीरेंद्र सेन , उन्नति फाउंडेशन के चेंज मेकर श्री संतोष तिवारी कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी डॉ साधना कुमारी झा का स्वागत कर की गई। मुख्य वक्ता ने अपने उदबोधन में प्रशिक्षण की उपयोगिता ओर कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला । डॉ. रूबी ताम्रकार, प्रोफेसर कल्पेश एवं संतोष तिवारी ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता की कामना की । जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों के भाग लेने की अपील करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की । कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर कल्पेश चैधरी एवं डॉक्टर साधना कुमारी झा ने किया । तकनीकी सहयोग प्रोफेसर वीरेंद्र सेन ने दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर महेश चंद्र परमार,डॉक्टर पूजा मिश्रा, डॉक्टर विभा श्रीवास्तव, डॉक्टर किरण बंशीवाल, डॉक्टर आनंद यादव प्रोफेसर क्रांति चैधरी एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अपहरण, रेप मामले में कोर्ट ने पांच आरोपियों को किया बरी

सिरोंज। 18.11.2020 को अपनी पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट लेकर आई थी महिला ने बताया था कि उसकी लड़की कन्या शाला का कहकर घर से कहीं चली गई है उसे शंका है कि महेंद्र उसकी लड़की को भगा कर ले गया है 3 फरवरी 2021 को पीड़िता को पुलिस द्वारा बरामद कर अपराध क्र. 63/2021 धारा 366,368 भाग 2 एन एवं 506,365 का अपराध दर्ज किया गया जिसमें पीड़ित अनुसार आरोपी गोलू उर्फ महेंद्र निवासी उज्जैन द्वारा उसके साथ बलात्कार किया गया था एवं उसका अपहरण करने में सहयोग पवन त्यागी गीता मीणा तौफीक खान निवासी एवं अनिल मीणा निवासी पचोर ने किया था उक्त चारों आरोपियों ने महिला को जबरदस्ती अपहरण किया और विवाह किया। इस मामले मैं 4 साल बाद आरोपी महेंद्र, अनिल मीणा, गीता मीणा तौफीक खान, पवन त्यागी को कोर्ट द्वारा निर्दोष पाते हुए आज इस मामले में पांच को दोष मुक्त कर दिया है।

# डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस की रोमांचक जीत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हराया



**बेंगलुरु, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग में डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 4 विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। टीम ने शुक्रवार रात आखिरी ओवर तक चल मुकाबले में 167 रन का लक्ष्य एक गेंद शेष रहते 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जी कमलिनी ने एकता बिष्ट की बॉल पर चौका लगाकर जीत दिलाई। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन बनाए। अमनजोत कौर प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। उन्होंने नाबाद 34 रन की पारी खेली। साथ ही 3 विकेट भी लिए। इस जीत से मुंबई प्वॉइंट्स टेबल के नंबर-2 पर आ गए है। टीम ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है। वहीं, बेंगलुरु की टीम हार के बावजूद टॉप पर कायम है। दोनों टीमों के खाते में 4-4 अंक हैं। बेंगलुरु का नेट रन रेट मुंबई से बेहतर है। बेंगलुरु की खराब शुरुआत, पावरप्ले में 3 विकेट गंवाए टॉस हारकर बैटिंग कर रही बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले के अंदर 3 विकेट गंवा दिए थे। टीम को पहला झटका 29 रन के स्कोर पर लगा, जब शबनिम इस्माइल ने कप्तान स्मृति मंधाना को विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। फिर डैनी व्याट 9 और राघवी बिस्ट एक रन बनाकर पवेलियन लौटीं। कनिका अहूजा भी 2 रन ही बना सकीं। एलिस पेरी और ऋचा घोष ने स्कोर 100 पार पहुंचाया एक समय बेंगलुरु ने 57 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरीं एलिस पेरी ने विकेटकीपर ऋचा घोष के साथ मिलकर टीम का स्कोर 100 पहुंचा दिया। पेरी 43 बॉल पर 81 रन बनाकर आउट हुईं। जबकि ऋचा घोष ने 25 बॉल पर 28 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हुई। मुंबई की अमनजोत कौर ने 3 विकेट लिए। नैटली सिवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज और संस्कृति गुप्ता को एक-एक विकेट मिला।

# चैंपियंस ट्रॉफी में आज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा मैच

## दोनों का हालिया फॉर्म निराशाजनक, इंग्लैंड का भारत, ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका ने क्लीन स्वीप किया

**लाहौर. एजेंसी**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का चौथा मुकाबला आज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। ग्रुप-बी का यह दूसरा मुकाबला है। ऑस्ट्रेलिया ने 2006 और 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। वहीं, इंग्लैंड को पहले ट्रॉफी की तलाश है। दोनों टीमों का हालिया फॉर्म काफी निराशाजनक रहा है। एक तरफ भारत ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया। दूसरी ओर, श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया का 2 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया।






टूर्नामेंट में 5 बार भिड़ीं, दो सेमीफाइनल शामिल टूर्नामेंट इतिहास में दोनों टीमों ने 5 बार एक-दूसरे का सामना किया है। इंग्लिश टीम को 3 और कंगारू टीम को 2 बार जीत मिली। पांच मुकाबलों में 2004 और 2009 का सेमीफाइनल भी शामिल है। 2004 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को और 2009 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया था। ओवरऑल वनडे में दोनों टीमें 161 बार आमने-सामने हुईं। ऑस्ट्रेलिया ने 91 और इंग्लैंड ने 65 मैच जीते। जबकि 3 मैचों के रिजल्ट नहीं निकल सके और दो टाई रहे।

ऑस्ट्रेलिया के पांच खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर ऑस्ट्रेलिया के 5 अहम खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इनमें कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श और मार्कस स्टोयनिस के नाम शामिल हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे। हेड पर होगी सबकी नजर ऑस्ट्रेलिया के लिए इस साल खेले वनडे मैचों में कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका। इंग्लैंड को ट्रैविस हेड से बचना होगा। हेड अपने शॉट्स की रेंज से लय बना सकते हैं। टीम के लिए इस साल सबसे ज्यादा 41 रन एलेक्स कैरी ने बनाए हैं। शॉन एबट ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। रशीद ने सबसे ज्यादा विकेट लिए इंग्लैंड के लिए इस साल बेन डकेट ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उनके नाम 3 मैचों में 131 रन हैं। स्पिनर आदिल रशीद ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनके नाम 3 मैचों में 7 हैं। पाकिस्तान में स्पिन को मददगार पिचें देखने को मिली है, इसलिए आदिल रशीद गेमचेंजर बन सकते हैं।

गद्दाफी स्टेडियम की पिच का हाल लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में ज्यादातर हाई स्कोरिंग मैच खेले गए हैं। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होती है और यही वजह है कि यहां बड़े स्कोर वाले मुकाबले देखने को मिलते हैं। लाहौर में 69 वनडे खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 35 और पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने 32 मैच जीते। एक मैच का नतीजा नहीं निकला, जबकि एक मैच टाई भी रहा। यहां का हाईएस्ट स्कोर 375/3 है, जो पाकिस्तान ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था। गद्दाफी स्टेडियम का हाईएस्ट रन चेज 349/4 है, जो पाकिस्तान ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था।

लाहौर की वेदर रिपोर्ट शनिवार को लाहौर का मौसम अच्छा रहेगा। पूरे दिन धुंधली धूप रहेगी। बारिश की संभावना नहीं है। तापमान 10 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। वहीं, हवा 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

**इंग्लैंड की प्लेइंग-11:** जोस बटलर (कप्तान), फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, जैमी स्मिथ, जो रूट, हैरी ब्रूक, लियम लिविंगस्टन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद और मार्क वुड।

**ऑस्ट्रेलिया:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, आरोन हार्डी, नाथन एलिस, स्पेंसर जॉनसन, एडम जम्पा और शॉन एबट।

### आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से

# केकेआर और आरसीबी के बीच होगा ओपनिंग मैच




**नईदिल्ली. एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होगी। पिछली चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) के होम ग्राउंड ईडन गार्डन्स में ओपनिंग और फाइनल मैच होगा। पहले मैच में केकेआर के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु होगी। पूरा शेड्यूल 1 या 2 दिन में रिलीज किया जा सकता है। फ्रेंचाइजी टीमों को अहम मैचों के बारे में बता दिया गया है। कोलकाता ने 2024 के फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्र॥) को हराकर खिताब जीता था। हैदराबाद में इस बार प्लेऑफ के 2 मैच खेले जाएंगे। हैदराबाद भी होमग्राउंड से करेगा शुरुआत 17वें सीजन की रनर-अप सनराइजर्स हैदराबाद भी अपने अभियान की शुरुआत होमग्राउंड उप्पल से ही करेगी। 23 मार्च को उनका सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा, मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा। दोनों टीमें पिछले सीजन के क्वालिफायर-2 में भी भिड़ी थीं। हैदराबाद ने मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। 25 मई को कोलकाता में फाइनल आईपीएल में डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर ओपनिंग और फाइनल मैच होता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दोनों अहम मैच होंगे। फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। कोलकाता में ही क्वालिफायर-2 भी होगा। वहीं पिछली रनर-अप स्त्र॥ के होमग्राउंड हैदराबाद में क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर खेला जाएगा। ऋष्क्रनए कप्तान की लीडरशिप में उतरेगी ऋष्क्रने गुरुवार को ही अपने नए कप्तान की जानकारी दी। मध्य प्रदेश के रजत पाटीदार 18वें सीजन में टीम की कप्तानी करेंगे। चयक्रभी नए कप्तान को लेकर टूर्नामेंट खेलेगी। पिछले कप्तान श्रेयस अय्यर इस सीजन पंजाब किंग्स से खेलेंगे, इसलिए चयक्रको नया कप्तान चुनना ही होगा।


**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# अपने आप में एक्टिंग स्कूल हैं अभिनेत्री शबाना आजमी

शबाना आजमी हिंदी फिल्मों के इतिहास में एक बड़ा नाम हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में की हैं। साल 1974 में रिलीज हुई फिल्म अंकुर से अपने करियर की शुरुआत करने वाली शबाना, मशहूर शायर कैफी आजमी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं, जिस वजह से उन्होंने कई बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता है। वह 1983 से 1985 तक तीन साल तक लगातार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त करने वाली अभिनेत्री बनीं। बीते शुक्रवार को प्रतिष्ठित मामी मुंबई फिल्म महोत्सव में उनके 50 साल के करियर को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित एक्सीलेंस सिनेमा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का एलान किया गया है। इस मौके पर चलिए जानते हैं उनकी 10 बेहतरीन फिल्मों के बारे में। श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित फिल्म अंकुर उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में उन्होंने लक्ष्मी का किरदार निभाया है, जो एक गरीब महिला है, जिसकी शादी एक मूक-बधिर मजदूर से हो जाती है। इस फिल्म में उनके शानदार अभिनय और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की पीड़ा को चित्रित करने की उनकी अभिनय क्षमता की वजह से उन्हें काफी तारीफें मिलीं। इस फिल्म ने उन्हें अपने करियर का पहला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया। साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म शतरंज के खिलाड़ी उनकी एक और ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शकों से काफी सराहना मिली थी। फिल्म इस नाम से ही मुंशी प्रेमचंद की लिखी कहानी पर आधारित है। इसकी कहानी दोनों शतरंज खेलने वाले खिलाड़ियों पर आधारित है, जो खेल में इतने व्यस्त रहते हैं कि उन्हें अपने शासन तथा परिवार की भी फिक्र नहीं रहती। फिल्म को तीन फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म स्पर्श भी शबाना आजमी की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का निर्देशन सई परांजपे ने किया है। फिल्म में शबाना आजमी और नसीरुद्दीन शाह ने दृष्टिहीन प्रिंसिपल और शिक्षिका का किरदार निभाया है, जो अंधे लोगों की स्कूल में पढ़ाते हैं। फिल्म की कहानी और अभिनय काफी सूक्ष्म और मार्मिक लगती है, जो अंधे और देख सकने वाली दुनिया के बीच भावनात्मक और धारणाओं के अंतर को उजागर करती है। फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है।

# 'पठान' और 'जवान' के बाद अब 'किलर' बनने जा रहे शाहरुख खान!



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने पिछले साल 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' जैसी लगातार हिट फिल्में दी। इन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सराहना प्राप्त की। अभिनेता हमेशा अपने अभिनय और फिल्मों के चयन से दर्शकों और प्रशंसकों को चौंका देते हैं। वह हमेशा नयेपन की तलाश में रहते हैं। शाहरुख खान ने वादा किया है कि वे अपने परियोजनाओं के चयन से अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करेंगे। फिलहाल वह सुजॉय घोष की किंग पर काम कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद करेंगे। लोकार्नो मीट्स पॉडकास्ट पर शाहरुख खान ने अभिनय के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की और कहा कि उनका काम दर्शकों को किरदार पर विश्वास दिलाना है, ना कि खुद उस पर विश्वास करना। अभिनेता ने बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक दृश्य करने के बाद वह कई दिनों तक उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके बजाय, वह इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि क्या उन्होंने भावनाओं को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है और दर्शकों को इससे जोड़ा है। शाहरुख ने अलग- अलग तरह की भूमिकाएं और चरित्र निभाने की इच्छा जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि वह स्टीरियोटाइप तक सीमित महसूस नहीं करते हैं। वह नायकों को बड़े पैमाने पर चित्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन अपने अभिनय में नए रास्ते तलाशने के लिए उत्सुक हैं।

# दीपिका की आवाज के मुरीद हुए थे भंसाली 'लीला' के रोल के लिए चुना था



भंसाली ने कहा कि जब वह दीपिका पादुकोण के घर गए और जब दीपिका ने उनके लिए दरवाजा खोला तो वह चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि वह दीपिका की खूबसूरती के साथ-साथ उनकी आवाज के भी फैन हो गए थे। बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली जब भी कोई फिल्म बनाते हैं तो वह फिल्म लार्जर दैन लाइफ ही होती है। उनकी फिल्में अपनी भव्यता के लिए मशहूर हैं। अब हाल ही में, फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण से पहली बार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया के बारे में बताया है।

### दीपिका की खासियत के फैन थे भंसाली

भंसाली ने कहा कि जब वह दीपिका पादुकोण के घर गए और जब दीपिका ने उनके लिए दरवाजा खोला तो वह चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि वह दीपिका की खूबसूरती के साथ-साथ उनकी आवाज के भी फैन हो गए थे। संजय लीला भंसाली ने कहा, जब मैं पहली बार दीपिका से मिला और उनके घर गया, तो उन्होंने दरवाजा खोला।

### पहली नजर में ही पसंद आ गईं थीं दीपिका

भंसाली ने आगे कहा, मैं दीपिका की खूबसूरती, उनकी आंखों को देखकर दंग रह गया, जब मुझे एहसास हुआ कि उनमें कितनी मासूमियत, कितनी नाजुकता, कितनी सुंदरता है। तभी उन्होंने बात करना शुरू किया, और मुझे एहसास हुआ कि उनकी आवाज बहुत खूबसूरत है।

भंसाली ने आगे कहा, 卐तब मुझे एहसास हुआ कि मैं सही समय पर सही जगह पर था, क्योंकि मुझे पता था कि इस लड़की को जैसे ढाला जाएगा, वह ढल जाएंगी। यह आपका नेचर है कि आप लोगों से कैसे जुड़ते हैं।



## मेट्रो बाजार

# शेयर बाजार : 50,000 करोड़ के शेयरों का लॉकइन भी हो रहा खत्म



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में आई हालिया गिरावट ने किसी को भी नहीं बख्शा है। इससे स्टॉक एक्सचेंज पर हाल में सूचीबद्ध हुए आइपीओ में भारी घबराहट दिख रही है। पिछले एक साल में सूचीबद्ध हुए आइपीओ के शेयर अपने ऑल-टाइम हाई से औसतन 37 फीसदी टूट चुके हैं। इनमें 8 शेयर तो उच्चतम स्तर से 50 फीसदी से भी अखिक नीचे कारोबार कर रहे हैं। एक साल में सूचीबद्ध 99 शेयरों में से 42 अपने आइपीओ के इश्यू प्राइस से भी नीचे लुढ़क चुके हैं। बीएसई आइपीओ इंडेक्स सितंबर के शीर्ष स्तर से 20 फीसदी लुढ़क चुका है। इक्विनॉमिक्स के संस्थापक जी चोकालिंगम ने कहा, नए सूचीबद्ध शेयरों में बुलबुला स्मॉलकैप और मिडकैप में गिरावट के लिए आंशिक तौर पर जिम्मेदार है। नए लिस्ट आइपीओ पर दबाव जारी रहने के आसार हैं, क्योंकि 10 अप्रेल तक 50,000 करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य के शेयर लॉकइन अवधि खत्म होने से खरीद-बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, जिनसे और गिरावट आ सकती है। बाजार में शेयरों की इतनी बड़ी मात्रा को बड़े थोक सौदों (ब्लॉक डील्स) के जरिए निपटाया जाता है। बाजार की चुनौतिपूर्ण स्थिति को देखते हुए निवेशकों को अपने शेयरों को बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

# ईवी पॉलिसी में होगा बदलाव: चार्जिंग इंफ्रा में निवेश पर भी मिलेगी शुल्क में छूट!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार अपनी ईवी पॉलिसी में बदलाव करने की तैयारी में है। सरकार ग्लोबल कंपनियों को आसानी से निवेश पात्रता मानदंडों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश को भी शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अभी विदेशी कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए तीन साल में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करना जरूरी है। इसके बदले में उन्हें देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात पर रियायती कस्टम ड्यूटी का लाभ मिलेगा। मार्च 2024 में घोषित इस पॉलिसी को टेस्ला को आकर्षित करने की कोशिश के रूप में देखा गया था। हालांकि विनफास्ट, बीएमडब्ल्यू और लैंड जेगुआर ने भी इसमें रुचि दिखाई थी। अब सरकार ने फिर से ऑटोमोबाइल कंपनियों से चर्चा शुरू की है, ताकि ग्लोबल कंपनियों को मेक इन इंडिया और निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि उद्योग जगत से चर्चा के बाद सरकार निवेश नियमों में ढील देने पर विचार कर रही है। सरकार की ईवी पॉलिसी के तहत, कंपनियों को तीन साल के भीतर भारत में अपना मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाना होगा। इसके अलावा, ऑपरेशन शुरू करने के पांच साल के अंदर 50त्न लोकलाइजेशन (स्थानीय उत्पादन) हासिल करना जरूरी होगा। इसके अलावा, भारत में आयात किए जाने वाले ईवी की संख्या पर भी सीमा तय की गई थी। इसके बदले में सरकार ने ईवी निर्माताओं के लिए 5 वर्ष तक आयात शुल्क को घटाकर 15त्न करने पर सहमति दी थी।



### रीवांचल एक्सप्रेस में गेट पर बैठे यात्री के हाथ से मोबाइल झपटकर भागा बदमाश

# भोपाल और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर खड़े बदमाश ने की झपटमारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और लूट की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। रेवांचल एक्सप्रेस में गेट के पास बैठकर सफर कर रहे एक यात्री के हाथ से बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। झपट्टा मारने से यात्री का मोबाइल नीचे गिर गया और बदमाश उठाकर भाग निकला। इसके अलावा अन्य यात्रियों के बैग और मोबाइल चोरी हुए है। जीआरपी भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार दमोह निवासी कपिल साहू, ने शिकायत करते हुए बताया कि वह रीवांचल एक्स के जनरल कोच में भोपाल से रानी कमलापति की यात्रा कर रहे थे। वह ट्रेन में कोच के गेट पर बैठकर अपना मोबाइल चला रहे थे। भोपाल से रीवांचल एक्सप्रेस कमलापति की तरफ ली और करीब 2 किमी बाद एक युवक रेलवे ट्रैक पर खड़ा था। उसने कपिल के हाथ पर झपट्टा मारा और कपिल के हाथ मोबाइल गिरा दिया। मोबाइल गिराने के बाद मोबाइल उठाकर भाग निकला। बदमाश



सफेद शर्ट पहने हुए थे। उसके छोटे-छोटे बाल थे। झपटे गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है।

#### प्रतापगढ़ एक्सप्रेस में यात्री से जेबकटी

इधर, प्रतापगढ़ एक्सप्रेस में बुजुर्ग यात्री की जेब कट गई। अज्ञात बदमाश उनकी जेब से पर्स निकालकर ले गय। पर्स में बारह सौ रुपए की नगदी और दस ग्राम सोने का मंगलसूत्र रखा हुआ था। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत दस्तावेज थे। जीआरपी ने बताया कि रामदास पंथी पिता (61) पुष्प विहार कॉलोनी बीना में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि प्रतापगढ़ एक्स में पीछे के जनरल कोच में वह बीना की यात्रा पत्नी कुसुम पंथी के साथ कर रहे थे। यात्रा के दौरान भोपाल रेलवे स्टेशन में चढ़ने के बाद उन्होंने देखा तो जेब में रखा पर्स चोरी हो गया था। अनुमान है कि चढ़ते समय भीड़भाड़ में किसी ने पर्स चुरा लिया। पर्स में एटीएम, आधार कार्ड, बारह सौ रुपए की नगदी और उनकी पत्नी का मंगलवार सूत्र था। मंगल सूत्र करीबन वजन 10 ग्राम था, जिसकी कीमत 65 हजार रुपए बताई जा रही है।

#### अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्री का सूटकेश चोरी

रानी कमलापति जीआरपी ने बताया कि रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी रविन्द्र शायरानी, अमरकंटक एक्स के कोच बी-5, में रायपुर से भोपाल कि यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना सूटकेश सीट के पास बनी टेबल के नीचे रख दिया। रात करीब साढ़े 11 बजे रेलवे स्टेशन रानी कमलापति आने पर उनकी नींद खुली उस समय ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से चली ही थी। उन्होंने टेबल के नीचे देखा तो उनका सूटकेश नहीं था। सूटकेश में 25 नई साड़ियां थी, जिनकी कीमत 25 हजार रुपए है। इसके अलावा दवाईया ,पंजाब नेशनल बैंक की चेकबुक थी। जो

#### एमपी ऑनलाइन का ताला तोड़कर 90 हजार चोरी

**भोपाल।** नजीराबाद स्थित एक एमपी ऑनलाइन दुकान का ताला तोड़कर चोर 90 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। इधर कोहेफिजा स्थित एक मकान से 30 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र गुर्जर पुत्र सूरज सिंह गुर्जर (24) ग्राम बीलखो थाना नजीराबाद में रहता है और गांव में ही एमपी ऑनलाइन की दुकान चलाता है। पिछले दिनों रात करीब 9 बजे वह दुकान में ताला लगाने के बाद घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब छह बजे पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो टेबिल की दराज खुली पड़ी थी और उसमें रखे कुल 90 हजार रुपए गायब थे। धर्मेंद्र ने कई दिनों तक अपने स्तर पर चोरी का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## ट्रैवल्स की बस ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत



**भोपाल।** अशोका गार्डन स्थित अस्सी फीट रोड पर शुक्रवार शाम ट्रैवल्स की बस ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दियाथा। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार शिव चरण भारती (75) सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहते थे। शुक्रवार शाम वह अस्सी फीट रोड अशोका गार्डन गएथे। नवाब टी स्टाल के पास वे सड़क पार कर रहे थे, तभी शाम करीब पांच बजे के आसपास ट्रैवल्स की बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गएथे। उन्हें ट्रस्ट के अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत

## स्कूटर मवेशी से टकराई, एक की मौत, दूसरे का मामूली चोट



**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित रायपुर जोड़ चमारी नदी के पास जंगली मवेशी से टकराकर एक्टिवा सवार घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत गई। हादसे में दूसरे युवक को मामूली चोट होने के कारण छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अजमेर सिंह जाट पिता गणपत जाट (48) निपानिया जाट में रहते थे और खेती किसानी करते थे। दो दिन पहले बुधवार को वह गांव के परिचत के साथ चमारी नदी के पास से गुज रहा था, तभी एकाएक सड़क पर जंगली सुअर आ गया और उसकी एक्टिवा सूअर से टकरा गई। इस हादसे में स्कूटर से गिरने के कारण अजमेर सिंह को गंभीर चोट आई थी, जबकि परिचित को मामूली चोट थी।

## दो साल से मनचला कर रहा परेशान, फिर आरोपी की मां ने धमकाया

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने एक नाबालिग की शिकायत पर मनचले और उसकी मां के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। नाबालिग करीब दो साल से नाबालिग को परेशान कर रहा था। नाबालिग की मां ने आरोपी की मां को बेटे की हरकत बताई तो वह बेटे को समझाने की बजाय नाबालिग के घर पहुंच गई और नाबालिग की मां से विवाद करने लगी। लिहाजा नाबालिग और उसकी मां महिला थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी मनचले और उसकी मां पर छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला दर्ज किया है।नाबालिग की शिकायत पर मामला दर्ज पुलिस ने बताया कि चूनाभट्टी इलाके में 17 साल की नाबालिग रहती है। वह बारहवीं कक्षा में पढ़ती है। इसी इलाके में कार्तिक मालवीय रहता है। कार्तिक 24 साल का है और प्राइवेट जॉब करता है। नाबालिग ने बताया कि स्कूल और कोचिंग जाते समय करीब दो साल से कार्तिक उसका पीछा कर रहा था। नाबालिग ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। नाबालिग की मां ने कार्तिक की मां रजनी मालवीय को बताया। रजनी ने कार्तिक की समझाइश दी और कार्तिक ने नाबालिग का पीछा करना बंद कर दिया। अभी कुछ दिन पहले कार्तिक ने फिर नाबालिग का पीछा करना शुरू कर दिया। वह उसके बैग में गिफ्ट रख देता था और कहता था कि मुझे तुमसे बात करनी है। नाबालिग ने अपनी मां को कार्तिक की हरकतों का बताया। गत 17 फरवरी को नाबालिग की मां कार्तिक के घर पहुंची उसकी मां रजनी मालवीय को कार्तिक की हरकतों के बारे में शिकायत करने लगी। इस बार बेटे को समझाइश देने की रजनी मालवीय, नाबालिग की मां पर भड़क गई और उन्हें कहने लगी कि तुम मेरे बेटे के खिलाफ झूठी शिकायत करती हो। इस बात को लेकर रजनी मालवीय और नाबालिग की मां के बीच विवाद हो गया।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक, दोनों पैर कटे, अस्पताल में हुई मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुल बोगदा के पास शुक्रवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों पैर कट गए थे। उसे एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।**

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसके साथ हादसा हुआ है। दरअसल, वह शराब के नशे में रेलवे ट्रैक के पास बैठा हुआ था। उसे कुछ लोगों ने हटा दिया था। बाद में वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे के आसपास एक युवक पुल बोगदा के पास रेलवे ट्रैक किनारे बैठा हुआ था। वह शराब के नशे में था और कुछ लोगों ने उसे ट्रैक से हटने का कहा और वहां ट्रैक से दूर हटकर बैठ गया। कुछ देर बाद युवक ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर घुटने के पास से जबकि दूसरा पैर जांघ के पास से कट गया था। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर पड़ी और उन्होंने एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची। पैर कटने के बाद घायल बातचीत कर रहा था। उसने अपना नाम शुभम सोलंकी पिता राकेश सोलंकी (22) अहीर मोहल्ला, जहांगीराबाद बताया। करीब एक घंटे बाद शाम पांच बजे के

**शराब के नशे में ट्रैक के पास देखा गया था युवक**

## 24 को भोपाल में बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**पीएम के कार्यक्रम स्थल के 5 किलोमीटर में रहेगा नो फ्लाई जोन**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजधानी में प्रवास होने के कारण यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस दौरान कुछ मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा, जबकि कुछ मार्गों को डायवर्ट किया जाएगा। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वो इस दिन वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें। जिसके लिए पुलिस ने डायवर्जन प्लान बी जारी किया है।कल दोपहर 2:30 बजे से इंदौर और उज्जैन की ओर से आने वाली यात्री बसें हलालपुर बस स्टैंड तक ही आएंगी, इन वाहनों को लालघाटी की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। वहीं राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की बसें मुबारकपुर बायपास और बैरागढ़ होते हुए हलालपुर बस स्टैंड पहुंचेंगी। इसके अलावा गांधीनगर तिराहा, लालघाटी, पॉलिटेक्निक चौराहा से लेकर रोशनपुरा तक दोपहर ढाई बजे से मालवाहक और भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इन वाहनों को भदभदा, नीलबड़, खजूरी बायपास और मुबारकपुर चौराहा जैसे वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना होगा। पीएम कल अपरांह बाद भोपाल आयेंगे और 24 को मानव संग्रहालय में इंवेस्टर्स समिट में मौजूद रहेंगे।

#### कार्यक्रम स्थल के आसपास का यातायात भी रहेगा प्रतिबंधित

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में पीएम के कार्यक्रम के दौरान दोपहर 3 बजे से आसपास के इलाकों में वाहन प्रतिबंध रहेंगे।

रोशनपुरा, मछलीघर तिराहा और गांधी पार्क तिराहा तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

बाणगंगा, मछलीघर, पीएचक्यू तिराहा, भारत टॉकीज और रेलवे स्टेशन जाने के लिए अपेक्स बैंक, बोर्ड ऑफिस, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज का इस्तेमाल करना होगा।

#### 5 किमी क्षेत्र में ड्रोन और फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर रहेगी पाबंदी

कल दोपहर से सुरक्षा सख्त प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स के 5 किलोमीटर के दायरे को रेड जोन एवं नो-फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इस आदेश के तहत ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून सहित अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स की उड़ान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह आदेश 23 फरवरी दोपहर 12 बजे से 24 फरवरी दोपहर 3 बजे तक प्रभावी रहेगा। वहीं इस आदेश के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई को लेकर भी आदेशित किया गया है।

## थाने पर हंगामा करने वाली महिला पर प्रकरण दर्ज

भोपाल। ऐशबाग पुलिस ने एक महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। आरोपी महिला ने थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार ऐशबाग पुलिस ने गुरुवार शाम एक युवक को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा था। पुलिस टीम युवक को लेकर थाने पहुंची, जिसके कुछ देर बाद एक महिला उसे छुड़ाने के लिए पहुंच गई। महिला ने हंगामा करते हुए चिल्लाचोट करनी शुरू कर दी। पुलिस कर्मचारियों ने उसे समझाने का प्रयास किया तो वह झूमाझटकी पर उतारू हो गई। देर रात पुलिस ने महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। महिला का नाम रेशमा बताया गया है।

**मेट्रो एंकर** सीआरपीएफ ने जीती रोइंग चैंपियनशिप

# पुलिस वाटर स्पोर्ट्स में आईटीबीपी कयाकिंग व बीएसएफ ने कैनोइंग में चैंपियन

**प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि बतौर पहुंचे राज्यपाल मंगूभाई पटेल**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता की ओवर ऑल कयाकिंग चैंपियनशिप आईटीबीपी, केनोईंग चैंपियनशिप बीएसएफ और रोईंग चैंपियनशिप सीआरपीएफ ने जीत ली है। कयाकिंग में बीएसएफ की टीम, केनोईंग में उत्तरप्रदेश पुलिस एवं रोईंग में असम राइफल पुलिस की टीम रनर अप रही। बड़े तालाब में यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में चल रही थी। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता समापन शुक्रवार शाम राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने समापन कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश पुलिस द्वारा अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट और अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। पांच दिवस आयोजन में उच्च कोटि के साहसिक खेल कौशल का परिचय देने वाले पुलिस और केंद्रीय बलों की सभी 22 टीमों के 565 महिला और पुरुष खिलाड़ियों को झीलों की



राजधानी भोपाल में प्रथम नागरिक के रूप में स्वागत करता हूं।

पटेल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डीजीपी एवं मध्यप्रदेश पुलिस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी खेलों के प्रति आम जल के नजरिया में बड़ा बदलाव लाए हैं।

उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट में और खेलो इंडिया जैसे प्रतियोगिता के आयोजनों को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि खेल किसी भी व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण आयाम है। यह न केवल शारीरिक क्षमता को विकसित करता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को सुदूढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना जैसी सेवाओं में कार्यरत लोगों के लिए शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता बेहद आवश्यक होती है और खेल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

#### डीजीपी बोले प्रतियोगिता के लिए छठवीं बार गौरव प्राप्त हुआ

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का 24 वीं बार आयोजन किया जा रहा है और हमारे मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रदेश को यह प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु छठवीं बार यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भोपाल की खूबसूरत झील, जो न सिर्फ भोपाल बल्कि पूरे देश के लिए एक शान है और वॉटर स्पोर्ट्स के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण

## आरक्षक को टक्कर मारने वाले डंपर का नहीं लगा सुराग

**भोपाल।** परवलिया इलाके में बाइक सवार आरक्षक को टक्कर मारने वाले डंपर का फिलहाल कोई सुराग नहीं लग पाया है। इधर हादसे में घायल हुए आरक्षक का गंभीर हालत में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से डंपर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार गिर्राज सिंह तोमर (25) मूलतः अम्बाह जिला मुरैना का रहने वाला है। फिलहाल वह परवलिया सड़क थाने में संतरी ड्यूटी पर तैनात था। बीती सत्रह फरवरी की रात गिर्राज बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए जा रहा था। मुबारकपुर जोड़ स्थित ओवर ब्रिज पर रात करीब दस बजे अज्ञात डंपर ने उसे टक्कर मार दी थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022